सुप्रभात
रांची, सोमवार
22.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 278

12 एसबीआइ लाइफ ने लॉन्च किया आइडिएशनएक्स

न्यूज डायरी

### कई गांवों में चुनाव विरोधी पोस्टरबाजी

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित मनोहरपुर प्रखंड के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर लोकसभा चुनाव का विरोध किया है। नक्सलियों ने रवांगदा, डोमलोई, पंचपाहिया और जराईकेला इलाके में कई जगहों पर पोस्टरबाजी की है। सिंहभूम संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी है। यहां 13 मई को मतदान होगा। इसको लेकर लगातार पुलिस नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस ने पोस्टर को जब्त कर मामले की जांच कर रही है।

### चतरा में अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**चतरा।** नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान में चतरा पुलिस ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत की अवैध अफीम बरामद की है। साथ ही मामले में पुलिस ने दो तस्करों को धर दबोचा है। दोनों गिरफ्तार तस्कर पिता और पुत्र हैं। सिमरिया अनुमंडल पुलिस ने 28.005 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिद्धौर चौक निवासी महेंद्र डांगी और उसके पुत्र दीपेंद्र डांगी को धर दबोचा। इसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 40 लाख से अधिक आंकी जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार महेंद्र दांगी के मवेशी शेड से अवैध अफीम और दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मवेशियों के लिए बनाये गये शेड के अंदर अवैध अफीम का खेप छुपाकर रखा गया था।

### टायर गोदाम में आग, लाखों की क्षति

**गिरिडीह।** पचंबा थाने के शांतिनगर में रविवार की दोपहर संकट मोचन टायर गोदाम में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। आग लगने से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। पूरा इलाका धुआं-धुआं हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मेहनत के बाद आग बुझाया। वहां काफी संख्या में टायर जमा कर रखा गया था। स्थानीय लोगों का मानना है कि किसी शरारती तत्वों ने आग लगाया है। आग धीरे-धीरे पूरे गोदाम में फैल गयी। इस घटना में दो से तीन लाख के नुकसान का अनुमान है।

### सरकार बनी तो सीएए रद्द करेंगे : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि केंद्र में अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो संसद के पहले ही सत्र में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) रद्द कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो। मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि यह बहुत लंबा हो गया था।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 69500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 90000 रु./प्रति किलो |




# लोकतंत्र, संविधान बचायें मोदी को हटायें



## उलगुलान न्याय रैली में गरजे इंडी अलायंस के नेता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में झामुमो द्वारा रविवार को प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया ब्लॉक की न्याय उलगुलान महारैली में इंडी अलायंस के नेताओं ने भाजपा और पीएम मोदी को निशाने पर लिया। नेताओं ने पीएम मोदी को चैलेंज करते हुए कहा कि अबकी बार जनता उन्हें दिल्ली की गद्दी से बाहर कर देगी। जुमलेबाजी, बढ़ती महंगाई से जनता उब चुकी है। मोदी सरकार की विदाई तय है। रैली में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने लोगों से उनका साथ देने की भावुक अपील की। कल्पना सोरेन ने मंच से हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हेमंत सोरेन हिम्मतवाला नेता है। जेल जाना मंजूर किया, पर झुका नहीं। राजद नेता तेजस्वी ने कहा कि झारखंड की जनता इसबार मोदी और भाजपा से बदना लेने को तैयार है। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा, भाजपा ने झारखंड के शेर को पिंजड़े में भले ही बंद किया है, पर उसकी दहाड़ को नहीं सकती। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने कहा, भाजपा झारखंड के इतिहास, अस्तित्व और गौरव को मिटाना चाहती है।

### कल्पना ने सुनाया हेमंत का संदेश



**कल्पना सोरेन** ने मंच से हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा। कहा कि उलगुलान की धरती पर न्याय महारैली में देश भर से लोग जुटे हैं। वे खुद रैली में जनता के बीच नहीं हैं। उन्हें बेबुनियाद आरोपों से जेल में केंद्र की सरकार ने बंद करके रखा है। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल को भी साथियों के साथ जेल में बंद रखा है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है। वे जिस लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, वहीं प्रयास देश भर के नेता कर रहे हैं। उलगुलान का मतलब ही है कि अब देश में ठगों की सरकार नहीं चलेगी। संविधान खत्म नहीं होने दिया जायेगा।

### भाजपा, झारखंड का इतिहास मिटाना चाहती है : चंपई



सीएम चंपाई सोरेन ने उलगुलान न्याय रैली में कहा कि भाजपा झारखंड के इतिहास, अस्तित्व और गौरव को मिटाना चाहती है। इस चुनाव में आपको ऐसा सांसद चुनना है जो राज्य के मुद्दों पर संसद में बात करे। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में जब डबल इंजन की सरकार थी तब आदिवासियों की स्थिति अच्छी नहीं थी। जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी तो हमलोगों ने आदिवासियों की बेहतरी के लिए योजनाएं बनायी। सीएम ने कहा कि विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जा रही है, लेकिन भाजपा को इससे परेशानी हुई। इन्ही सब कारणों से केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया है।

### भाजपा से बदला लेगी जनता : तेजस्वी यादव



राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि हेमंत सोरेन के साथ नाइंसाफी हो रही है। इसका बदला झारखंड की जनता भाजपा से लेगी। यह भी कहा कि इस उलगुलान न्याय महारैली का संदेश साफ है- भाजपा हटाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ देश का लोकतंत्र बचाओ।

### अरविंद की हत्या की जाजिश हो रही : सुनीता



अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि जेल में उन्हें दिल्ली के सीएम कोइंसुलीन नहीं दी जा रही है। जेल में उन्हें ये लोग मारना चाहते हैं। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल दोनों को नरेंद्र मोदी ने जेल में डाल दिया। उनका क्या कसूर था। क्या आपलोग इस तानाशाही को बर्दाश्त करेंगे।

### शेर को गिरफ्तार किया है दहाड़ को नहीं : अखिलेश



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा जब मैदान में पहलवान हारने लगता है, तो हर हथकंडे अपनाता है। यही हाल भाजपा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, लेकिन उसकी दहाड़ को रोका नहीं जा सकता। झारखंड की जनता भाजपा से इसका बदला लेगी।

### रैली में ही भिड़े राजद-कांग्रेसी

महारैली में तमाम दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में ही कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। चतरा से गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के गुट से मारपीट हो गयी। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गये। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी, डंडा आदि लेकर टूट पड़े। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गयी। प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

### ये दिग्गज थे मौजूद

महारैली में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, राजद नेता तेजस्वी यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव , वामनेता दीपांकर भट्टाचार्य, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित इंडी अलायंस के कई नेता, झारखंड के कई मंत्री, विधायक मौजूद थे।

### आदिवासी कभी डरता नहीं हेमंत हिम्मतवाले हैं : खड़गे



**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बार हमारा गठबंधन अटूट है। भाजपा, पीएम मोदी हो या कोई भी हमारी शक्ति को तोड़ नहीं सकता। हम इतने मजबूत हैं कि वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं। हेमंत सोरेन-अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर हमें डरा रहे हैं, लेकिन हम डरने वालों में से नहीं हैं। हेमंत सोरेन हिम्मत वाले है। उन्होंने गठबंधन का साथ छोड़ने की जगह जेल जाना मंजूर किया। यह हमारी ताकत है। श्री खड़गे ने झारखंड की धरती पर भगवान बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, वीर बुधू भगत, सिदो कान्हो को नमन करते हुए लेट से आने पर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि जो नहीं डरता वो कभी नहीं मरता। आदिवासी उन्हीं में से एक है। वह जंगल में रहता है, अंधेरे में रहता है उसे कोई नहीं डरा सकता। जनता देश के लोकतंत्र, संविधान की रक्षक है। इस देश में आप चाहे कितनी भी दबाने की कोशिश करो लेकिन पार्टियां जिंदा रहेगी।

## भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव




### गर्मी से राहत: आज कल बारिश के आसार



**रांची।** झारखंड में चिलचिलाती धूप के दो दिन थोड़ी राहत की उम्मीद है। राज्य के कई जिलों में 22 व 23 को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसके साथ ही वज्रपात की भी आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका जतायी गयी है। 25 अप्रैल को कोल्हान व संताल के जिलों में कहीं-कहीं लू (हीट वेब) चलने को लेकर चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनसार 22 को दोनों सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व सिमडेगा में बारिश हो सकती है। वहीं 23 को रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ इलाके में बारिश की संभावना है।

### कांग्रेस ने दीपिका को बदला, प्रदीप यादव को उतारा
# रांची से यशस्विनी को टिकट

खबर मन्त्र ब्यूरो


यशस्विनी सहाय





**रांची।** कांग्रेस ने गोड्डा से अपना उम्मीदवार बदल दिया है। दरअसल पहले घोषित प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह को ले कर पार्टी में ही खासी नाराजगी थी। लगातार प्रत्याशी बदले की मांग हो रही थी। रविवार को पार्टी नेतृत्व की ओर से जारी सूची के अनुसार कांग्रेस आलाकमान ने दीपिका पांडेय सिंह का टिकट काटकर प्रदीप यादव को नया उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी एक और लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में गोड्डा से प्रत्याशी दीपिका को हटा कर वहां से नये प्रत्याशी के रूप में प्रदीप यादव को मैदान में उतारने की सूची जारी की। प्रदीप यादव भी वर्तमान में विधायक हैं। पूर्व में वह भाजपा में भी रह चुके हैं। गोड्डा संसदीय सीट से अब भाजपा के लगातार तीन बार के सांसद निशिकांत दुबे का मुकाबला प्रदीप यादव से होगा। कांग्रेस ने रांची सीट से भी प्रत्याशी का एलान कर दिया है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया है। टिकट की आस में कांग्रेस में शामिल हुए रामटहल चौधरी को निराशा हाथ लगी है। इससे पहले हाल में ही कांग्रेस में शमिल रामटहल चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय टिकट की होड़ में थे।

वहीं रांची में यशस्विनी का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ से होगा। कांग्रेस ने जब से गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह को उम्मीदवार बनाया था, इसका लगातार विरोध किया जा रहा था।

कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार उस मामले में कांग्रेस हाई कमांन को फिर से सोचने के लिए कह रहे थे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यहां से सिर्फ प्रदीप यादव ही हैं जो निशिकांत दुबे को हरा सकते हैं। पिछले कई दिनों से हो रहे विरोध के कारण आखिरकार पार्टी को अपना फैसला बदलना पड़ा।

## इंडी नेता अपने बच्चों को सेट करने में जुटे हैं : मोदी

- परिवारवाद और भ्रष्टाचार देश को खोखला कर दिया
- कांग्रेस की दुकान में बिकता है भ्रष्टाचार

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश उसे इन्हीं पापों की सजा दे रहा है। वह राजस्थान के जलौर और बांसवाड़ा में चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस और सोनिया गाधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग चुनाव जीत नहीं सकते वे इस बार राजस्थान में आये हैं। उन्होंने कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने सवाल किया, अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा, देश को चला सकता है क्या। उन्होंने कहा कि इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है, जिसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गयी है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। कांग्रेस की हालत यह है ?कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं।

गठबंधन के तमाम नेता सिर्फ अपने बेटे-बेटियों को फिट करने में लगे है। वहीं मोदी आपकी संतानों के भविष्य के लिए खप रहा है और दिन-रात मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, भाजपा ईमानदारी से काम करती है, लेकिन कांग्रेस की दुकान में भ्रष्टाचार ही बिकता है। (शेष पेज 11 पर)

### लालू के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी
## एनडीए की सरकार में ही बिहार आगे बढ़ेगा : शाह

एजेंसी



**पटना।** गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में लालू और राबड़ी देवी के शासन काल की याद जनता को दिलाते हुए पूछा कि क्या आप फिर से बिहार को जंगल राज की ओर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने रैली में आये लोगों से पूछा कि आपको याद है ना राजद के शासनकाल में किस तरह दलितों, पिछड़ों पर अत्याचार किया जाता था। ये लोग आज भी ओबीसी समाज पर अत्याचार करना चाहते हैं। कटिहार में चुनावी सभा में उन्होंने दावा किया कि बिहार में सभी 40 सीटें एनडीए के खाते में जा रही हैं। अमित शाह ने कहा कि लालू जी के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी। डबल इंजन की सरकार बिहार को आगे बढ़ायेगी।

**परिवारवाद और जातिवाद पर हमला :** शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने परिवारवाद और जातिवाद व तुष्टिकरण को समाप्त किया। कांग्रेस पार्टी व इनके साथी लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ लेकिन गरीबी नहीं हटती थी। पीएम सरकार के मुफ्त अनाज योजना का बखान अमित शाह ने किया। कांग्रेस और राजद एक होकर भाजपा-जदयू के खिलाफ लड़ रही है। लालू ने बिहार को जंगलराज में बदलकर रख दिया था। पति-पत्नी की शासनकाल आप याद किजिये। एनडीए की सरकार बनी तो सबके साथ अत्याचार बंद हुआ। (शेष पेज 11 पर)

इंडी गठबंधन के नेताओं ने बीजेपी पर बोला हमला

# देश बचाना है तो भाजपा को हटाना होगा

**कुबेर सिंह**

**रांची।** इंडी गठबंधन द्वारा प्रभात तारा मैदान में रविवार को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में आये दिग्गजों ने बीजेपी पर निशाना साधा। हर कोई नेता देश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार, महंगाई, बिगड़ती विधि-व्यवस्था को लेकर जमकर भड़ास निकाली। इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि देश को बचाना है तो उन्हें एकजुट होकर लड़ाई लड़नी है। भाजपा को हर हाल में सत्ता से हटाना होगा। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## भाजपा न भूले कि उसने शेर को गिरफ़्तार किया है, दहाड़ को नहीं : अखिलेश यादव



इंडिया ब्लॉक की उलगुलान न्याय महारैली में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा, उसी वक्त वे चुनाव हार गये। इसलिए ये लोग अन्याय पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि मैदान में जब पहलवान हारने लगता है तब कई तरह के हथकंडे अपनाता है। भाजपा यह न भूले कि उसने शेर को गिरफ़्तार किया है उनकी दहाड़ अभी भी गिरफ़्तार नहीं हुई है। अब एलानल कर रही है कि बदलाव का समय आ गया है। जनता को बताने के लिए इनके पास अब कुछ भी नहीं है।

## कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ, फिर भी अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन जेल में : सुनीता



सुनीता केजरीवाल ने उलगुलान न्याय महारैली में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मेरे पति अरविंद केजरीवाल और झारखंड के चहेते सीएम हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। उनपर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ। पूछने पर कहते हैं कि जांच चल रही है। ये तानाशाही है। क्या आपलोग इसे बर्दाश्त करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने सरकारी स्कूलों को अच्छा किया। अस्पताल बनवाए और मोहल्ला क्लिनिक खुलवाया। देशभक्ति उनमें कूटकर भरी हुई है।

मेरे से जब शादी तय हुई तो उन्होंने मुझसे सवाल किया, मैं समाजसेवा करना चाहता हूं उससे तुम्हें कोई दिक्कत तो नहीं होगी। ऐसे शख्स को इनलोगों ने जेल में डाल दिया। अरविन्द केजरीवाल उसूलों के पक्के हैं। पहली बार सीएम बने तो 49 दिनों में ही इस्तीफा दे दिया। उन्हें सत्ता से कोई मोह नहीं है। बस देश की सेवा करनी है और नंबर वन बनाना है। केजरीवाल कहते हैं कि पढ़े लिखे लोग राजनीति में नहीं आएंगे तो देश आगे कैसे जाएगा, लेकिन कई लोग कहते हैं कि राजनीति गंदी चीज है।

## भारतीय जनता पार्टी के हैं तीन जमाई- ईडी, आईटी और सीबीआई : तेजस्वी



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि इस रैली का यह संदेश साफ है कि झारखंड से बीजेपी को भगाना है। ये मैदान रैली के लिए छोटा पड़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को भगाओ देश बचाओ। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के तीन जमाई ईडी, आईटी, सीबीआई। भाई हेमंत सोरेन जी को जेल में डाल दिया। केजरीवाल को जेल में डाला गया। संजय जेल में रहकर आये हैं। मेरे पिता को भी जेल भेजा गया। हमपर केस मुकदमा किया गया लेकिन हमारा कोई नेता बीजेपी की गीदड़ भभकी से नहीं डरने वाले हैं। देश को जो बदहाल कर दिया उसका बदला लेना है।

## मंच पर बोले भगवंत मान- ये दोनों खाली कुर्सियां ही बीजेपी की सभी कुर्सियां खाली करा देगी : भगवंत



उलगुलान न्याय महारैली में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि यह राजनीतिक रैली नहीं है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संकल्प लेने के लिए इकटठा हुए हैं। दो बहनें सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन के पति बहुत लोकप्रिय सीएम रहे हैं। क्या कसूर है उनका, लोगों को सहूलियत देना चाहते थे। गरीबी मिटाना, बेरोजगारी मिटाना, बिजली, अस्पताल, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं देना चाहते थे। उन्हें जेल में तो आपने डाल दिया, लेकिन उनकी सोच को कैसे कैद करोगे। उन्होंने मंच पर दो खाली कुर्सियों के बहाने बीजेपी पर निशाना साधा। कहा कि ये दोनों खाली कुर्सियां ही बीजेपी की सभी कुर्सियां खाली करा देगी। ये समझते है कि हम जेल में डालकर आवाज दबा देंगे, पार्टी खत्म कर देंगे। अगर मोदी की लहर पर भरोसा है तो हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल से डरते क्यों हो।

## झारखंड को झुकाने की साजिश कोई नई नहीं: दीपांकर भट्टाचार्य



सीपीआई (एम) के दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि आपने नारा दिया है झारखंड झुकेगा नहीं और झारखंड रुकेगा नहीं। झारखंड को झुकाने की ये साजिश कोई नयी नहीं है। जब से झारखंड बना है तब से ही सका नाम खराब करने की कोशिश जारी रही। बीजेपी और आरएसएस का बस चलता तो राज्य का नाम वनांचल हो गया होता। झारखंड आंदोलन की देन है तो नाम नहीं बिगाड़ पाए। हेमंत सोरेन को उठाकर जेल में डाल दिया गया।

## केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए हम भी सड़कों पर उतर आये हैं : संजय सिंह



आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि हमारे बीच दो विरांगनाएं बैठी हैं। ये जब अपने घरों से बाहर निकल सकती हैं तो हम क्यों नहीं। आज नरेंद्र मोदी सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए हम भी सड़कों पर आए। बिहार के अंदर भारतीय जनता पार्टी की दुकान बंद कराने का जिम्मा जिस नौजवान ने अपने कंधों पर उठाया। मैं बधाई देना चाहता हूं तेजस्वी यादव को, जो बिहार से बीजेपी का सफाया करने का काम कर रहे हैं। जनता से उन्होंने कहा कि आप सभी यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि छह महीने मुझे भी नरेंद्र मोदी ने जेल में रखा। अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया जेल में हैं। उन्होंने बीजेपी के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग कह रहे हैं 400 सीट दे दो संविधान बदल देंगे। अरे ये लोग संविधान बदलेंगे और आरक्षण को खत्म कर देंगे।

## फारूख बोले- हम प्यार से देश को ले जाना चाहते हैं आगे



**रांची।** रांची में उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने आये जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वे हम लोग संविधान को बचाना चाहते हैं। हमारी जो धर्मनिरपेक्षता की परंपरा रही है, उसको बचाना चाहते हैं और हम देश को प्यार से आगे ले जाना चाहते हैं।

## पूरा देश चाहता है केंद्र में सत्ता नेतृत्व परिवर्तन हो पूरे देश में फैलेगा उलगुलान : आलमगीर आलम



कांग्रेस नेता आलमगीर आलम ने कहा कि उलगुलान महारैली में आज जल, जंगल, जमीन का नेतृत्व करने वाले शिबू सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन समेत सभी मंत्री, विधायक व नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। हम कहना चाहते हैं कि झारखंड प्रदेश में वीरों का स्थान है। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले से लेकर हमारे उपर तानाशाही और कुचलने का प्रयास किया है। इसके विरोध में झारखंड के लोगों ने उलगुलान किया है। झारखंड का आदिवासी मूलवासी के लोगों में क्रांति भरी हुई है। यह 2024 के चुनाव में दिखाना होगा। हमारे यहां जो भाजपा की नीति चल रही है। सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। 2019 के चुनाव में यहां की सरकार को हमलोगों ने काटकर फेंकने का काम किया था। आज पूरा देश चाहता है कि केंद्र में नेतृत्व परिवर्तन होना चाहिए। हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन लाकर खुली चुनौती दी कि सबके लिए काम किया। 24 लाख वृद्धा पेंशन दिया। यह उलगुलान शुरू होकर पूरे देश में फैलेगा।

**ये देश का उलगुलान :** स्टीफन मरांडी ने कहा कि गठबंधन का ये उलगुलान महारैली आयोजित है। दिशोम गुरु इसकी अध्यक्षता कर रहे है। आज इंडिया गठबंधन के सभी नेता इस उलगुलान में हमारे हेमंत सोरेन जी के गिरफ्तारी के विरोध में उत्साह बढ़ाने के लिए पहुंचे हैं।

## राहुल बीमार पड़े रैली में नहीं आये




रांची। राजधानी में उलगुलान न्याय महारैली में राहुल गांधी को भी शामिल होना था। सुबह में दिल्ली से सूचना आयी कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बीमार होने के कारण रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शामिल नहीं हो पाएंगे। फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं।

## उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने रांची पहुंचीं प्रियंका चतुर्वेदी, भाजपा को बताया वैक्यूम क्लीनर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में इंडिया गठबंधन की संयुक्त उलगुलान न्याय महारैली में शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी भी शामिल हुईं। जेएमएम सांसद महुआ माजी ने रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हम तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। जिस तरीके से जनप्रतिनिधि चुनकर आये हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल उनपर ईडी, सीबीआई, आईटी की जांच लगाकर उनको जेल में डालने का काम किया है।



प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि बीजेपी ने जिनको सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी कहा, वो सभी अब भाजपा में इनके कंधे से कंधे मिलाकर खड़े हैं। ये वैक्यूम क्लीनर बन गये हैं। भ्रष्टाचारी को अपनी पार्टी में शामिल करके उनको क्लीन चीट दे देते हैं। प्रियंका ने कहा कि जो लोग ऐसी तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं, वो लड़ते रहेंगे। जनता उनका साथ देगी।

**झारखंड में अबतक की सबसे बड़ी महारैली : महुआ माजी**

सांसद महुआ माजी ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली बहुत बड़ी रैली हुई है। मुझे नहीं लगता कि झारखंड में इतनी बड़ी रैली कभी हुई होगी। इंडिया गठबंधन हमारे साथ है। जनता सब जानती है और सब देख भी रही है। कहा कि झारखंड उलगुलान के लिए हमेशा से जाना जाता है। केंद्र में जो पार्टी है वो लगातार विपक्षी पार्टियों को तंग कर रही है।

## नशीला पदार्थ के उत्पादन व कारोबार को लेकर डीजीपी करेंगे समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नशीला पदार्थ के उत्पादन और कारोबार को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह समीक्षा बैठक करेंगे। 23 अप्रैल को डीजीपी जिले के एसएसपी, एसपी के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक करेंगे। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न जिलों के 24 थानों में नशे (ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ) का कारोबार सबसे अधिक होता है। चतरा जिला का सदर थाना क्षेत्र पहले पायदान पर है। वहीं राजधानी का सुखदेवनगर थाना क्षेत्र 12वें, लोअर बाजार थाना क्षेत्र 19वें और नामकुम थाना क्षेत्र 22वें नंबर पर है। थानावार दर्ज किये गये केस के विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि राज्य के 24 थाना ऐसे हैं, जहां ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा, डोडा या दूसरे मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर सर्वाधिक केस दर्ज किये गये। स्पष्ट है कि इन थाना क्षेत्रों में सबसे अधिक नशे का कारोबार होता है। इस सूची में चतरा जिला टॉप पर है। यहां उक्त अवधि में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक 21 प्रतिशत केस दर्ज हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरू प्रकाश पासवान ने इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली पर दी प्रतिक्रिया

## हिम्मत थी तो पिछले 5 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी करते

**संविधान व न्यायपालिका का घोर अपमान कर रहा है इंडी गठबंधन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि झामुमो में हिम्मत था तो रैली में पिछले 5 वर्ष का रिपोर्ट कार्ड देते। डॉ प्रकाश रविवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता को बताते कि पिछले 5 साल में उन्होंने झारखंड के लिए क्या किया है। पिछले 5 साल में उनके द्वारा किए गए दावे और वादे सब खोखले रहे। उन्होंने 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हर साल एक जेपीएससी कराने की बात कही थी। मंच साझा करने वाली पार्टियां झारखंड की निर्माता नहीं क्रेता और विक्रेता रही हैं। आदिवासी हित की बात इनके मुंह शोभा नहीं देती है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बेटी के बैठने के पर भी उनके नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहा गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आदिवासी बेटी को दिया गया सम्मान सहन नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सामाजिक न्याय और संविधान की बात करते हैं। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद ही वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान और हक मिला है। आरक्षण लागू हुआ है। आम जनता इस बात को नहीं भूली है कि लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। उन्होंने कहा कि यहां जुटी सभी पार्टियों में सिर्फ परिवारवाद है। अरविंद केजरीवाल ही शुरू से अब तक उसके मुख्य संयोजक बने हुए हैं। मोदी जी के सत्ता में आने के बाद डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया। उनसे जुड़े हर स्थान को तीर्थ का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल का घोटाला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर यह दोनों जेल में है। संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियां न्यायपालिका का अपमान कर रही हैं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाईक, राफिया नाज और तारिक इमरान मौजूद थे।

## इंडी गठबंधन की रैली पूरी तरह से फ्लॉप रही : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने इंडी गठबंधन की रैली को फ्लॉप बताया है। जनता ने इंडी गठबंधन में शामिल दलों को नकार दिया है। झारखंड़ की वर्तमान सरकार ने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने के बावजूद भी रैली को सफल नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे अपने राजनीतिक परिवारों को बचाने का प्रयास कर रहे विपक्षी दलों की यह कोशिश फेल हो गयी। इन लोगों का दावा था कि रैली में 5 लाख लोग आयेंगे जो पूरी तरह से एक कोरी कल्पना मात्र साबित हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने लोगों को धोखा देने और लूटने का काम किया है। झारखंड़ की जनता इस घपले, लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को अच्छी तरह से पहचान चुके हैं। इसलिये जनता अपने आपको इस रैली से दूर रखा।

### चुनाव विश्लेषण 2024 : कोडरमा संसदीय सीट पर होगा रोचक मुकाबला

# अबतक के 13 आम चुनावों में छह बार जीती है भाजपा, पांच बार सांसद रहे रीतलाल वर्मा

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भी सरगर्मी बढ़ने लगी है। कोडरमा लोकसभा सीट की बात करें, तो यहां का परिणाम अधिकतर चौंकाने वाला रहा है। भाजपा के गढ़ कोडरमा पर पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सीटिंग एमपी डॉ रवींद्र राय का टिकट काट राजद से भाजपा में शामिल अन्नपूर्णा देवी को चुनाव लड़ाया। अन्नपूर्णा देवी यहां से करीब साढ़े चार लाख वोट के भारी अंतर से जीतीं। इस सीट पर अब तक 12 बार आम चुनाव और एक बार उप चुनाव हो चुके हैं। इसमें छह बार भाजपा चुनाव जीती है। यहां से पांच बार रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद रहे हैं। बाबूलाल मरांडी एक बार निर्दलीय और एक बार झाविमो और एक बार बार भाजपा के टिकट से चुनाव जीते हैं।

भाकपा माले ने कोडरमा लोकसभा सीट से इस बार बगोदर विधायक विनोद सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। महागठबंधन ने वामदलों के लिए राज्य में सिर्फ कोडरमा सीट छोड़ी थी, जिस पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की। इससे पहले पार्टी यहां से राजकुमार यादव को प्रत्याशी बनाती रही है, लेकिन इस बार विनोद पर दांव खेला है। वहीं भाजपा से अन्नपूर्णा देवी यहां से प्रत्याशी होंगी। ऐसे में अब यहां अन्नपूर्णा और विनोद सिंह के बीच आमने-सामने का मुकाबला होगा। विनोद सिंह बगोदर से तीसरी बार विधायक हैं। वर्ष 2005 में पिता महेंद्र सिंह की हत्या के बाद भाकपा माले ने उन्हें बगोदर से उम्मीदवार बनाया था। ये जीतकर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद 2009 और 2019 में भी वे विधायक चुने गए। विनोद सिंह बीएचयू से एमए की शिक्षा ली है।

### कोडरमा में यादव-कोयरी समीकरण प्रभावी

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के दावे वाले इस सीट पर इस बार झामुमो भी दावा ठोक रहा था। हालांकि इस बार इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग में कोडरमा सीट भाकपा माले के खाते में आयी है। कोडरमा लोकसभा सीट पर वामदल से भाकपा माले पिछले तीन चुनाव से मजबूत दावेदार रहा है। माले से राजकुमार यादव लगातार चुनाव लड़े हैं। 2014 में उन्हें ढाई लाख से भी ऊपर मत मिले थे।

### तीन जिलों तक फैली है कोडरमा लोस सीट

कोडरमा लोकसभा सीट तीन जिलों तक फैली है। इसमें छह विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। कोडरमा विधानसभा सीट पर भाजपा की डॉ नीरा यादव का कब्जा है। वहीं गिरिडीह जिला में पड़ने वाले धनवार सीट से खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, जमुआ से भाजपा के केदार हाजरा विधायक हैं। बगोदर विधानसभा क्षेत्र में भाकपा माले की धाक है। यहां से माले के विनोद सिंह विधायक हैं। गांडेय से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक चुने गये थे, पर हाल में राज्य में बदले समीकरण में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है। गांडेय लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी होना है। हजारीबाग जिला के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय अमित यादव विधायक हैं।

### बदहाल माइका उद्योग को लेकर सरकार ने जगायी थी आस, परिणाम शून्य

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में एक समय था जब माइका की चमक थी। खास कर इस लोकसभा क्षेत्र के कोडरमा व गिरिडीह इलाके में माइका कारोबार से लोग खुशहाल थे, लेकिन अब यह उद्योग पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। वर्षों पूर्व सरकारी नीतियों का यह उद्योग शिकार हो गया। दूसरी तरफ अवैध तरीके से कुछ जगहों पर माइका का कारोबार हो रहा है। कोडरमा में माइका–ढिबरा उद्योग की बदहाली सबसे बड़ा मुद्दा है। करमा मेडिकल कॉलेज का निर्माण बड़ी मांग थी, पर इसका निर्माण समय पर नहीं हो पाया। निर्माण करा रही पहली कंपनी को टर्मिनेट करने के बाद हाल में नयी कंपनी ने कॉलेज का निर्माण शुरू किया है।

**मनोज कुमार सिन्हा (लेखक राजनीतिक विश्लेषक और सहित्यकार हैं)**

### रविवार को अवकाश होने के कारण एक भी नामांकन नहीं

## वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान के लोगों को मतदान करने के लिए करें जागरूक: सीईओ

**वोटर अवेयरनेस फोरम मतदताओं की प्रतिक्रिया से आयोग को कराएं अवगत**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पूरे राज्य में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम जारी है। मतदान के उपरांत सभी वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं की प्रतिक्रिया से आयोग को अवगत कराएंगे। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित है। इनका काम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं को उनके परिवार सहित मतदान के लिए प्रेरित करना है। यह बातें उन्होंने रविवार को मीडिया के प्रतिनिधियों से प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान के लोगों ने मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का सदुपयोग किया है, इसकी पुष्टि के लिए मतदान केंद्रों पर उन्हें सेल्फी लेने के लिए जरूर प्रेरित करेंगे। साथ ही अगर मतदान करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ा हो, तो उससे आयोग को अवश्य अवगत कराएं, ताकि भविष्य के निर्वाचनों में उसका समाधान किया जा सके।

### पर्चा भरने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल



उन्होंने कहा कि राज्य में चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन के लिए आज रविवार होने के कारण किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा नहीं भरा। चौथे चरण के चुनाव में प्रत्याशियों के पर्चा भरने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 तक है।

### राज्य में पहली बार मीडिया आवश्यक सेवाओं के रूप में हुआ अधिसूचित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में पहली बार मीडिया को आवश्यक सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए फॉर्म 12-डी भरकर जमा करना है, ताकि वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हुए भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव कवरेज के लिए मीडिया के प्रतिनिधियों के प्राधिकार पत्र निर्गत किये जा चुके हैं। वैसे मीडिया के प्रतिनिधि, जो अपना मताधिकार का इस्तेमाल पोस्टल बैलेट के माध्यम से करना चाहते हैं, वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मीडिया प्राधिकार पत्र की छायाप्रति अपने मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति एवं फॉर्म 12-डी भरकर जिले के पोस्टल बैलेट कोषांग में जमा करा सकते हैं। इससे वे अपने कर्तव्य पर रहते हुए भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगें।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी भगवान महावीर की शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा चौबीसवें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर की जयंती रविवार को मनाई गई। राजधानी राँची में महावीर जंयती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम जैन समाज द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें प्रातःकालीन अभिषेक प्रातः 5.30 बजे उपरांत श्री जी की शोभा यात्रा 7.00 बजे दिगम्बर जैन मंदिर,अपर बाजार से प्रारंभ होकर कार्ट सराय रोड, गाड़ीखाना, हरमू रोड होते हुए रातु रोड वासुपूज्य जिनालय किया गया। जहाँ श्री जी की शांतिधारा अभिषेक हुआ। फिर वहां से वापस किशोरी सिंह यादव चौक होते हुए मैकी रोड, गांधी चौक, शहीद चौक मेन रोड राधेश्याम गली लेक रोड होते हुए पुनः जैन मंदिर अपर बाजार पहुंचा। संध्या बेला में 6.00 बजे भव्य आरती के पश्चात जैन महिला जागृति एवं जैन युवा जागृति के द्वारा भगवान महावीर की जीवनी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र गंगवाल, मंत्री पंकज पांड्या उपाध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल एवम मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल ने दी।



## श्वेतांबर जैन मंदिर डोरंडा से भी निकली शोभायात्रा

श्वेताम्बर जैन मंदिर डोरंडा से सुबह 9:00 बजे रविवार को भगवान महावीर की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकली गई। श्रद्धालुओं ने जगह जगह पर अक्षत एवं नारियल अर्पण कर भगवान का स्वागत किया। शोभायात्रा में भजन गायक अक्षय सेठिया के भजनों पर लोग झूम रहे थे। शोभा यात्रा जैन मंदिर डोरंडा से निकलकर एजी मोड़, हाइकोर्ट होते हुए वापस मंदिर पहुंची। मौके पर मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भगवान महावीर के जन्मोत्सव की झलकियां दिखायी गई। भगवान महावीर के संदेश को घेवर चंद नाहटा, अमरचंद बैंगानी, उत्तम चोरडिया के द्वारा बताया गया। मौके पर खुशबु बोथरा, रिद्धि बांठिया, संघ के अध्यक्ष संपत लाल रामपुरिया, सुभाष चंद बोथरा,छोटे लाल चोरड़िया, पूनम चंद भंसाली, मूल चंद सुराणा, प्रकाशचंद नाहटा, नवीन रामपुरिया, विनय नाहटा, संजय कोठारी, बालवीर बोथरा, ललित सेठिया, पंकज बोहरा, मयंक बेगानी आदि लोग शामिल थे।

# नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में किये उल्लेखनीय कार्य : संजय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रविवार को लालपुर, गोंदा मंडल के विभिन्न सोसाइटी में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त किया। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना अदम्य साहस का काम था। उन्होंने कहा कि मोदी जी का लक्ष्य है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे।



पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिए। यह हमारा अधिकार है।

कार्यक्रम में संजीव विजय वर्गीय, गुरविंदर सिंह सेठी, कुणाल अजमानी, राजेश जी, गोवर्धन गड़ोदीया, राम लगन राम, राजेश कुमार बबन शामिल थे।

# उलगुलान रैली में कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता आपस में भिड़े, कई घायल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित उलगुलान रैली में देशभर के कद्दावर विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में एक ऐसी घटना हुई जो गठबंधन की एकता पर सवाल खड़ा करती है। दरअसल, महारैली के शूरूआती दौड़ में ही कांग्रेस और आरजेडी कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। जानकारी के अनुसार, चतरा से गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के गुट से मारपीट की सूचना है। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। सिटी एसपी ने मामला शांत कराया है और घायलों को अस्पताल भेजा है।

बताया जा रहा है कि जब गठबंधन के नेता जनता को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच भिड़ंत हो गया। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी, डंडा आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरातफरी मच गई। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी के सिर में चोटें लगी हैं और सिर फट गया है।





## इंडिया गठबंधन की रैली में चर्चा का विषय रहीं हेमंत सोरेन और केजरीवाल के नाम वाली खाली कुर्सियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रभात तारा मैदान में रविवार को आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में जहां सभी नेता थे वहीं मंच पर रखी दो खाली कुर्सियां चर्चा का विषय बनी रहीं। इन दोनों कुर्सियों पर जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के नाम लिखे थे।


रैली को संबोधित करने वाले तमाम नेताओं ने कुर्सियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि इन्हें साजिश के तहत जेल भेजा गया है। जनता के वोट की ताकत से ये जेल से बाहर आएंगे। मंच का संचालन कर रहे झामुमो के केंद्रीय सचिव विनोद पांडेय ने कहा कि ये खाली कुर्सियां बता रही हैं कि भले हमारे नेता को षड्यंत्र कर जेल के भीतर रखा गया है, लेकिन लाखों-करोड़ों जनता के दिलों में वे हमेशा मौजूद हैं। वे अन्याय के खिलाफ संघर्ष में जेल गए हैं और उनका वजूद, उनका सम्मान हमेशा कायम रहेगा। सुनीता केजरीवाल ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश हो रही है। वहीं कल्पना सोरेन ने भी हेमंत की चिळी पढ़ते हुए कहा कि हेमेत को साजिश के तहत जेल भेजा गया है।




## विश्व पृथ्वी दिवस: फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर रविवार को साबिर हुसैन के द्वारा फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करना था। आयोजक साबिर हुसैन ने बताया कि इस कार्यक्रम से प्रतिभागीयों को सामाजिक संदेशों को रंगीन और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर मिला। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।



## जेल अदालत लगी, दो कैदी किये गये रिहा

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा होटवार जेल अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा होटवार में बंद नौ बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिये समर्पित किया गया था। इसमें दो बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुये रिहा किया गया।

# शिबू सोरेन से लिया आशीर्वाद, फिर बसों से पहुंचने लगे प्रभात तारा मैदान




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और बीजेपी के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा की उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने से पूर्व बाहर से आये कई नेताओं ने शिबू सोरेन के आवास पर जाकर आशीर्वाद लिया, फिर वहां से बसों पर सवार होकर प्रभात तारा मैदान की ओर निकल गये। कार्यकर्ताओं के साथ झारखंड सरकार के मंत्रियों और विधायकों का शिबू सोरेन के मोरहाबादी स्थित आवास पर शिबू सोरेन के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और फिर जलपान किया।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि महारैली कोई आम या चुनावी महारैली नहीं है, बल्कि यह तानाशाही सरकार से देश को मुक्ति दिलाने की रैली थी। यह बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाए गए भारत के संविधान को बचाने के लिए एक मेगा रैली साबित हुई। यह झारखंड की जनता की आकांक्षाओं को आवाज देने वाली महारैली घोषित हुई।

## वोटरों की अधिकतम भागीदारी और जागरुकता को आयोजित रन फॉर डेमोक्रेसी में दौड़े सीइओ

# पूरे परिवार के साथ लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभायें : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रविवार को रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से मिनी मैराथन की शुरूआत हुई। इसे राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा, रांची एसएसपी चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह डीडीसी दिनेश कुमार यादव, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र, राज्य स्वीप नोडल पदाधिकारी देवदास दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाया और मिनी मैराथन की शुरूआत हुई।



**मतदान करने से देश मजबूत होता है, जरूर करें** : मिनी मैराथन में के रवि कुमार के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भी दौड़ लगायी। उन्होंने मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाएं। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। के. रवि कुमार ने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा, इसका सार्थक उपयोग करना हमसब की नैतिक जिम्मेदारी है।

### पवन और ममता ने हासिल किया पहला स्थान

मैराथन में शामिल युवाओं ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर तीन चक्कर लगाया। पुरुष वर्ग में पवन सिंह ने प्रथम, विकेश कुमार ने द्वितीय तथा अनूप उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में ममता कुमारी को पहला, नीता कुमारी को दूसरा तथा शीतल कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एडिशनल सीईओ संदीप सिंह, डीआईजी अनूप बिरथरे ने पुरस्कृत किया। रन फॉर डेमोक्रेसी के बाद मोरहाबादी मैदान में डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया।

## भीषण गर्मी के साथ झारखंड में बढ़ने लगी है चुनावी तपिश

# उलगुलान रैली ने बढ़ाया राजीनितक पारा

सुधीर

**रांची।** भीषण गर्मी के साथ झारखंड में चुनावी तपिश भी बढ़ने लगी है। इंडी गठबंधन की ओर से रविवार को आयोजित उलगुलान रैली ने न सिर्फ झारखंड का राजीनितक पारा बढ़ा दिया है, बल्कि एनडीए की बेचैनी भी बढ़ा दी है। महागठबंधन के बड़े नेता न सिर्फ भाजपा पर निशाना साधा, बल्कि आदिवासियों और मूलवासियों में भी भाजपा के प्रति नफरत का बीज बोने में सफल रहे। नेताओं ने मंच से ही एक-एक कर रोजगार, श्रम और महंगाई के साथ-साथ संविधान के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप एनडीए की सरकार पर लगाया। साथ ही हेमंत और केजरीवाल को सलाखों के पीछे भेजने की साजिश को भी जनता को बताया। जनता से आग्रह किया कि ऐसी ताकतों को संसद जाने से रोकें, जो आदिवासी विरोध है। जल, जंगल और जमीन की बात संसद में नहीं रखता हो।



### क्या हिंदू कार्ड पर न्याय पत्र ब्रांड भारी पड़ेगा?

पहले चरण के बाद भाजपा नेतृत्व हिंदुत्व का नैरेटिव पर जोर देने लगा है। वहीं, कांग्रेस व इंडिया के नेताओं की आक्रामकता बढ़ गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा ब्रांड मोदी के चल न पाने की भी है। तो क्या राहुल का न्याय पत्र ब्रांड मोदी पर भारी पड़ने लगा है ? राजनीतिक के जानकारों का कहना है कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के स्वर तीखे हो जाते हैं। इस बार के चुनाव में भी इंडिया और एनडीए के नेता एक दूसरे पर वार कर रहे हैं। हालांकि भाजपा हिंदू कार्ड के सहारे एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में काबिज होना चाह रही हैं। वहीं इंडिया के नेता लोक-लुभावन वादों और एनडीए की महंगाई और बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाते हुए आक्रामक होते जा रहे हैं। अब तो जनता के बीच भी इस बात की चर्चा होने लगी है कि क्या मोदी को हिंदू कार्ड पर राहुल का न्याय पत्र ब्रांड भारी पड़ेगा?

### पहले चरण में 4 सीटों पर डाले जायेंगे वोट




झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से बीते 18 अप्रैल को ही अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 3 एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 1 लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन चारों सीटों के लिए प्रत्याशी 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। यानी नामांकन दाखिल कर चुके लोग अगर नाम वापस लेना चाहें, तो इस तारीख तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### चार सीटों पर सबसे पहले होगी वोटिंग

देश के चौथे चरण के साथ ही झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। 13 मई की सुबह 7 बजे से शाम के 6 बजे तक मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। बताते चलें कि राज्य की चार लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं। बताते चलें कि 19 अप्रैल से एक जून के बीच देश में 7 चरणों में लोकसभा के चुनाव कराए जाएंगे। 4 जून को मतगणना होगी और उसी दिन चुनाव के परिणाम आ जाने की संभावना है।

## पांच माह पहले जमानत पर निकले प्रदीप सिंह को रांची पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने पांच माह पहले जमानत पर निकले एक आरोपी को ब्राउन सुगर के साथ गिरफ्तार किया है। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के राज समिती इरगू टोली निवासी प्रदीप कुमार सिंह उर्फ संजय से पुलिस ने सात ग्राम ब्राउन शुगर, 8600 नकद और दो मोबाइल बरामद किया है। आरोपी को बीते साल नवम्बर में हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। प्रदीप सिंह, रंजन कुमार सिंह समेत आधा दर्जन आरोपी को एटीएस ने मार्च 2023 में ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद फिर से इस कारोबार में जुड़ गया। हालांकि सुखदेवनगर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिस वक्त पुलिस प्रदीप सिंह को गिरफ्तार करने के लिए गयी तो प्रदीप ने पुलिस पर पत्थर से हमला कर दिया। सुखदेवनगर थाना एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है. आरोपी पर हिंदपीढ़ी थाना, एटीएस थाना और सुखदेवनगर थाना में करीब आधा दर्जन मामला दर्ज है।

# पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा: सुदेश



### स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम में युवाओं से संवाद

**रांची।** स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से होकर रांची पहुंचे युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान सुदेश महतो ने राज्य को विकसित बनाने को लेकर रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की। भारत के 18 राज्यों से आए विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स से बातचीत के इस सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने बारी-बारी से जवाब दिया।

सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति को एक दिन में नहीं समझा जा सकता है। यह सभी चीजों का केंद्र है। विकास के मानकों पर झारखंड को देश में टॉप फाइव में शुमार करने की दिशा में काम करना है। राज्य में चिमनी के धुएं से ही सिर्फ रोजगार मिलेगा यह जरूरी नहीं है। यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। पलायन रोकना, रोजगार के विकल्प तैयार करना है। पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है।

# झालसा का राज्यस्तरीय कार्यक्रम, झारखंड हाईकोर्ट के कई जस्टिस हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में झारखण्ड के लैडस की प्रथम राज्य स्तरीय कार्यक्रम रविवार को हुआ। इसका उद्घाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा, न्यायमूर्ति आनंद सेन, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति दीपक रोशन, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय एवं न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा झालसा के सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी न्यायाधीशों ने अपना विचार रखा। कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आनंद सेन ने कहा कि एलएडीसी पर पहली राज्य स्तरीय बैठक का हिस्सा बनना बहुत अच्छा है। प्रत्येक जिले के एलएडीसी और डीएलएसए न्याय पाने और वंचितों के बीच के अंतर को पाट सकते हैं। न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक ने कहा कि झालसा का कार्य एवं कर्तव्य वंचित वर्ग को राहत देना है, जिन्हें कोई महत्व नहीं दिया गया है। बल्कि राज्य द्वारा दी गई कोई भी सुविधा उन तक नहीं पहुंची है। इसलिए उनकी देखभाल करना झालसा का परम कर्तव्य है। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाताओं (एलएडीसी) की राज्य स्तर पर पहली बैठक है कि वे अपने कानूनी कौशल को कैसे बढ़ाएं और उनसे कैसे लाभ उठाएं ताकि कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के उद्देश्य और इरादे को हासिल किया जा सके। न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि कानूनी सहायता की अवधारणा वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम बनाकर आई है। इस कानून को लाने का कारण यह है कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को कैसे प्राप्त किया जाए और लोगों को न्याय वितरण प्रणाली में लाने के उद्देश्य से अंतिम द्वार तक कैसे पहुंचा जाये। झालसा के कार्यक्रम में चार तकनीकी सत्र हुए। तकनीकी सत्र को न्यायमूर्ति डॉ. एसएन पाठक, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति दीपक रोशन, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय और कारा महानिरीक्षक, झारखंड ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम में डॉ आलोक कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, आईसीएफएआई विश्वविद्यालय और डॉ. मिथिलेश पांडे, एसोसिएट प्रोफेसर, आईसीएफएआई विश्वविद्यालय ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लिया।समापन सत्र को न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय और कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा और कुमारी रंजना अस्थाना, सदस्य सचिव, झालसा ने संबोधित किया।

### इन्हें दी गई कानूनी सहायता

इस अवसर पर झालसा ने पहल करते हुए वृद्धाश्रम के कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए छह सप्ताह लंबा अभियान और झारखंड की जेलों में बंद गर्भवती महिला कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने की कार्य योजना का शुभारंभ किया।

## खबर एक नजर में

### युवक ने मंदिर में घुसकर मूर्ति का हाथ किया क्षतिग्रस्त, आरोपी युवक पकड़ाया

**रांची।** राजधानी रांची के मौसीबाड़ी स्थित एक मंदिर में प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी गोलचक्कर के पास स्थित मंदिर में देर रात मूर्ति क्षतिग्रस्त किया गया था। आरोपी युवक बाउंड्री फांदकर मंदिर में घुसा और भगवान की प्रतिमा का हाथ क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी युवक को पकड़ लिया। वहीं, मंदिर के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने जगन्नाथपुर थाना में लिखित शिकायत की है। जगन्नाथपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है उसे पकड़ लिया गया है।

### चेंबर भवन का जल्द होगा सैंदर्यीकरण



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कस्टोडियन कमिटी की बैठक रविवार को हुई। वरीय सदस्य पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गप्तानी ने चैम्बर की वर्तमान गतिविधियों पर चर्चा करते हुए अपनी भावी योजनाओं से अवगत कराया। राज्यस्तर पर चैम्बर को सशक्त बनाने के साथ ही क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की सहभागिता से जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स और सम्बद्ध संस्थाओं को चैम्बर के कार्यकलापों में सहभागी बनाने पर भी बैठक में सदस्यों द्वारा बल दिया गया। कहा गया कि जिला स्तर पर दौरों के आयोजन के माध्यम से फेडरेशन की उपस्थिति से व्यापारियों का मनोबल बढ़ता है। चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फेडरेशन द्वारा राज्यस्तर पर गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में चैम्बर के कार्यकारिणी समिति की आगामी बैठक 27 अप्रैल को नेतरहाट में आयोजित की गई है जिसमें रांची के अलावा पलामू, गुमला, लोहरदगा के व्यापारी शामिल होंगे। चैम्बर भवन बिल्डिंग के रख रखाव, अव्यवस्थित जनरेटर को सुव्यवस्थित बनाने तथा पूरे पैसेज को साफ सुथरा रखने में कार्रवाई के लिए पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया के नेतृत्व में कमिटी का गठन किया गया। भवन में नया लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके लिए पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा को अधिकृत किया गया। चेंबर भवन के सौंदर्यकरण करने के साथ ही प्रथम तल पर 12 केविन बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष आर के सरावगी, केके साबू, ललित केडिया, महेश पोद्दार, गिरीश मल्होत्रा, मनोज नरेडी, रंजीत टिबडेवाल, बिकास सिंह, पवन शर्मा, रंजीत गाडोदिया, कुणाल अजमानी, चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गप्तानी उपस्थित थे।

### महारैली में युवा नेता महताब अंसारी के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं पहुंचे



**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली में जेएमएम के युवा नेता महताब अंसारी के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने पहुंच कर एक जुटता का दिया संदेश। युवा नेता महताब अंसारी ने कहा कि ये रैली झारखण्ड कि ही नहीं बल्कि पूरे देश को उलगुलान का संदेह देगी। जिस तरह से जनता भाजपा के 10 वर्ष के सत्ता से परेशान है अब देश की जनता ने अपना मन बना लिया है कि भाजपा कि सरकार को उखाड़ फेंकना है और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार को लाना है ताकि देश में फैले बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नफरत को जड़ से उखाडा जा सके।

### महिला उत्थान संगठन ने 135 जोड़े का कराया विवाह

रांची। जगन्नाथपुर के लटमा में रविवार को महिला उत्थान संगठन ने 135 कन्याओं का विवाह करवाया। ये कन्याएं वो हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं। विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्यातिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सभी 135 कन्याओं को उपहार स्वरूप एक-एक वस्त्र और जेवर प्रदान किए। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि वे भी स्वयं कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह अपने खुद के खर्चे पर करवा चुके हैं। ऐसे सामाजिक कार्यों में आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ऐसे वर्ग की कन्याएं जिनके माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

### श्री कृष्णा प्रणामी ने किया भंडारे का आयोजन

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान में पुंदाग स्थित निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे रविवार को 146 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा का आयोजन किया गया। 146 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन शैला सर्राफ की स्मृति मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, हिम्मत सिंहका और उनके परिवार के द्वारा किया गया।

## कुदरत से मिले अनमोल धरोहर को बचाएं : शिवा



**रांची।** कुदरत से मिले अनमोल धरोहर को बचानें कि जरूरत है। ये बातें रविवार को केंद्रीय सरना संघर्ष समिति सह हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सरहुल मिलन समारोह सह सरना प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिव कच्छप ने कहीं। उन्होंने कहा कि सरहुल के मध्यम से हम सभी को प्रकृति के संवर्द्धन का संकल्प लेना चाहिए तभी पर्व के सही उद्देश्य की पूर्ति हो पाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ पहान सोमरा,जोगेंद्र, भुनू, अन्नु, अनिमा द्वारा विधी विधान से किया गया। सभा को सुनिल तिर्की, संजय तिर्की, कुमुद वर्मा, दिपू सिन्हा, सत्य प्रकाश हुरहुरिया ने भी सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप उपस्थित सती तिर्की, अनिता उरांव, मीणा देवी, जितू तिर्की, नुरी तिर्की, संगीता गाडी, बाबू टोप्पो, अंजीत लकड़ा, गौतम कुजूर, बिक्की तिर्की, गुड्डू तिर्की, संजय टोप्पो, सुमन उरांव, सुनीता उरांव, सिटीओ उरांव, राजू लकड़ा, पार्वती लकड़ा, बृद्धी कुजूर, पिंकी कुजूर मौजूद थे।

## जयपाल सिंह मुंडा से जेएमएम सहित अन्य सभी दलों को सीखने की जरूरत : राजेन्द्र

### भेदभाव की नीति ने झारखंड को बर्बाद कर दिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सदानों की ताकत को जयपाल सिंह मुंडा जानते थे। मूलवासी सदानों का साथ मिले बिना, झारखण्ड राज्य बनना सम्भव नहीं है। इसलिए मूलवासी सदानों को जोड़ने के लिए जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासी महासभा को 1950 में भंग कर झारखण्ड पार्टी का गठन किया था। इसके बाद जयपाल सिंह मुंडा को मूलवासी सदानों का समर्थन मिला और झारखंड पार्टी के गठन के बाद विधानसभा की पहली चुनाव में झारखण्ड पार्टी को 35 विधानसभा की सीट मिली थी। यह बातें झारखण्ड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कही। झामुमो के द्वारा धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान महारैली को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि महारैली में एक वर्ग की भीड़ जुटाने से जेएमएम को बहुत फैयदा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा से जेएमएम सहित सभी दलों को सीखने कि जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के मूलवासी सदानों को भी उन्हें जोड़ना पड़ेगा तब जाकर झामुमो को इसका लाभ मिल सकता है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा मूलवासी सदान मोर्चा एक समाजिक संगठन है इस संगठन के माध्यम से हम झारखण्ड राज्य के हित में सभी दलों को अपनी सलाह देते रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वास्तव में व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं और वे सभी का सम्मान करते हैं । लेकिन सिर्फ सम्मान देने से किसी का पेट नहीं भर जाता है, उन्हें मूलवासी सदानों को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करना चाहिए था और राजनीति भागीदारी के साथ-साथ सदानों के हितों में भी काम करना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं कर पाए। प्रसाद ने कहा कि जब तक 65 प्रतिशत मूलवासी सदानों का राजनीतिक दलों को समर्थन प्राप्त नहीं होगा तब-तक खंडित जनादेश ही राजनीतिक दलों को मिलता रहेगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह मूलवासी सदान में विभिन्न जातियां हैं,उस पर क्षेत्रीय दल कभी भरोसा नहीं जताया। जिसका फायदा राष्ट्रीय दल उठाते रहे हैं।

## गोड्डा में हो ही गया खेला, प्रदीप यादव बने विनर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गोड्डा लोकसभा सीट पर आखिर दीपिका पांडे सिंह के साथ खेल कैसे हो गया। चुनाव प्रचार कर चुकीं दीपिका पांडेय का टिकट आखिरकार काट कर कांग्रेस ने रविवार को प्रदीप यादव को प्रत्याशी बना दिया। घोषित उम्मीदवार का टिकट आखिरकार पार्टी ने क्यों बदल दिया है और उनकी जगह पर प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाने का फैसला क्यों लिया यह सवाल भी उठने लगा। दरअसल जब से दीपिका पांडेय को टिकट की घोषणा हुई थी इसका विरोध प्रदीप यादव समर्थको द्वारा जगह जगह विरोध हो रहा था। कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव विकास सिंह के नेतृत्व गोड्डा में बड़ी बैठक हुई थी। बैठक में ये बात कही गयीं थीं कि पार्टी नेता राहुल गांधी लगातार ये बात कर रहे हैं कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, तो फिर ओबीसी के सर्वाधिक आबादी के बावजूद दीपिका पांडेय सिंह को टिकट देना अनुचित है। इसके साथ ही कार्यकर्ता प्रदीप यादव को हर हाल में उम्मीदवार बनाने के पक्ष में थे। ये भी कहा गया था कि उन्हें राहुल गांधी की तरफ से पुनर्विचार का आश्वासन भी मिला है। रविवार को उलगुलान न्याय महारैली को लेकर सभी बड़े नेता रांची में मौजूद थे। इसी दौरान खेला हो गया। गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह की प्रदीप यादव को टिकट की घोषणा कर दी गयी। अब निशिकांत दुबे के सामने के प्रदीप यादव चौथी बार चुनावी मैदान में होंगे। वही गोड्डा लोकसभा से छठी बार भाग्य आजमायेंगे। एक बार प्रदीप यादव को 2002 मे उन्हें उपचुनाव में जीत मिली थी।

### जब राहुल ने कहा था गोड्डा पर हमारी नजर है

सूत्रों के अनुसार एक दिन पहले ही भागलपुर जाने के क्रम में देवघर हवाई अड्डे पर राहुल गांधी ने दीपिका पांडेय सिंह, प्रदीप यादव और इरफान अंसारी से कहा था कि गोड्डा की हर गतिविधि पर नजर है। इशारा साफ था कि विरोध प्रदर्शन को लेकर था। कमोबेश उसी वक्त संकेत मिल गये थे कि कुछ खेला होने वाला है।

## हज हाउस में हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हज को लेकर रविवार से तैयारी शुरू हो गई है। इस वर्ष झारखंड से लगभग 1700 लोग हज पर जाएंगे। इसको लेकर झारखंड हज कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी है। झारखंड राज्य हज कमेटी के द्वारा कडरु हज हाऊस में हज पर जाने वाले महिला- पुरुष यात्रियों की ट्रेनिंग दी गई। रांची, खूंटी व सिमडेगा के लोगों ने ट्रेनिंग ली। ट्रेनर मुफ्ती मो अनवर कासमी, मुफ्ती सलमान कासमी, मौलान शफीक अलयावी, मुफ्ती फैजुल्लाह मिसबाही, मौलाना मंजूर कासमी, एजाजुल हसन सिद्दीकी व नयाब जेबा ने हज यात्रियो को ट्रेनिंग दी। हज से जुड़े हर छोटी बड़ी जानकारी दी गई। बहुत संख्या में महिला-पुरुष हज यात्रियों ने ट्रेनिंग लेकर जानकारी ली। झारखंड राज्य हज कमेटी के सीईओ ने बताया कि 21 अप्रैल से शुरू हो कर 30 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में हज की ट्रेनिंग दी जाएगी। बता दें कि झारखंड लोग कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, गया से हज के लिए उड़ान भरेंगे। 10 मई से हज का मुकद्दस सफर शुरू हो जाएगा। संभवतः 22 मई तक झारखंड के हज यात्री उड़ान भरेंगे। किस जिला के लोग किस दिन जाएंगे इसको लेकर अभी शेड्यूल नहीं आया है। लेकिन बहुत जल्द शेड्यूल आ जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग बहुत ही जरूरी है, इससे हज यात्रियों को बहुत फायदा मिलता है। हज ट्रेनर मुफ्ती अनवर कासमी, मुफ्ती सलमान कासमी, मौलाना मंजूर आदि ने हज यात्रियों को जाने से लेकर आने तक की सफर की पूरी जानकारी दी। इस मौके पर मो खुर्शीद, मो नासिर, डॉक्टर असलम परवेज, शाह उमैर, डीआईजी नौशाद आलम, सुडडू, मो लतीफ आलम, इमाम अहमद, जाहिद इकबाल, अरशद जिया समेत सैंकड़ों लोगों उपस्थित थे।

## प्रशासन केस वापस ले, नहीं तो आंदोलन : केंद्रीय सरना समिति

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरहुल पूजा महोत्सव 2024 की समीक्षा बैठक रविवार को केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में किया गया। बैठक में सरहुल पूजा महोत्सव को धूमधाम एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर विभिन्न सामाजिक संगठन विभिन्न गांव, टोला, मोहल्ला के लोगों को समिति की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। बैठक में सरहुल शोभा यात्रा के दौरान फर्जी केंद्रीय सरना समिति भारत के द्वारा विवादित झांकी जिसमें हेमंत सोरेन को जेल के अंदर दिखलाया गया था एवं स्लोगन भी लिखा था जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा जिसमें फर्जी तरीके से 26 लोगों में केस हुआ। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की एवं अन्य पदाधिकारी पर केस हुआ जिस पर चिंतन मंथन किया गय। इस संबंध में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभा यात्रा में षड्यंत्र के तहत केस किया गया, लेकिन समाज के लोग अब समझ चुके हैं कि फर्जी केंद्रीय सरना समितियां समाज में हावी है एवं समाज को बदनाम एवं बेचने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन केस वापस नहीं लेती है तो समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के सरंक्षक ललित कच्छप, महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, पंचम तिर्की, प्रदीप लकड़ा एवं अन्य शामिल थे।

### सीबीएसई तथा आईसीएसई बोर्ड के रिजल्ट आने के बाद छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करेगा पासवा

# आलोक दूबे सर्वसम्मति से झारखंड पासवा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा की प्रदेश कार्य समिति एवं जिला अध्यक्षों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हीनू के एक होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता आलोक कुमार दूबे ने की। बैठक में झारखंड के 24 जिलों से जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य, विशिष्ट आमंत्रित सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और उन्होंने सर्वप्रथम पूर्ण सहमति से ध्वनि मत से एक स्वर में सर्वप्रथम पासवा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे को एक बार फिर झारखंड पासवा का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। साथ ही उन्हें राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय कमेटी को एक बार पुनः नए सिरे से गठित करने के लिए अधिकृत किया। सभी जिला अध्यक्ष और प्रदेश कमेटी के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि आरटीई के कठिन मुद्दे पर कोर्ट का फैसला आने वाला है और झारखण्ड के निजी विद्यालयों के ऊपर जो संकट का तलवार लटक रहा है उसे देखते हुए झारखंड में तत्काल राज्य स्तरीय कमेटी गठित करने की आवश्यकता है। इसी कारण से संपूर्ण झारखंड के निजी विद्यालय अपने-अपने जिला अध्यक्षों के प्रतिनिधित्व में आलोक कुमार दूबे को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करते हैं तथा उन्हें राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय कमेटी गठित करने के लिए अधिकृत करते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से तीन मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें संशोधित आरटीई कानून 2019 को निरस्त करने के लिए रणनीति बनाने पर विचार किया गया। वर्तमान समय में चुनाव आचार संहिता लागू है। इसलिए चुनाव के प३ात पासवा इस विषय पर एक रणनीति बनाएगी, तब तक प्रत्येक जिलों में और राज्य में संगठन का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा झारखंड बोर्ड में मैट्रिक की परीक्षा में संपूर्ण झारखंड के उत्कृष्ट रिजल्ट पर झारखंड के बच्चों को और उनके अभिभावकों को और उन विद्यालयों को जिनसे यह बच्चे उत्कृष्ट रिजल्ट प्राप्त किए हैं उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया है कि सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के रिजल्ट आ जाएंगे तब हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पासवा राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करेगी और उसके बाद झारखंड के सभी जिलों में जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित करेगी। इसके अलावा पासवा ने भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय संचालन की समय सारणी में परिवर्तन के लिए धन्यवाद दिया है। साथ ही राज्य के सभी निजी विद्यालय, प्ले स्कूल चलाने वाले सभी प्रिंसिपल, डायरेक्टर सुबह 11 बजे तक ही स्कूल का संचालन करें। बैठक का संचालन पासवा के पूर्व प्रदेश महासचिव नीरज सहाय ने किया। बैठक में अरविन्द कुमार,नीरज सहाय, फलक फातिमा, सिस्टर एम. मालार, डेंजिल चार्ल्स, सैयद अंसारुल्लाह, संजय प्रसाद,मसूद कच्ची,सुभाष उपाध्याय, मोहम्मद उस्मान,कुमुद रंजन, मनोज झा, विद्या गौतम, आलोक विपिन टोप्पो,विद्या गौतम, अमीन अंसारी, होनी सिंह मुंडा, गुंजा कुमारी, पंकज गिरी,रूपेश कुमार, अजय कुमार, मजीद आलम, हाफिज अंसारी, अरविंद कुमार साहू, नरेश गौड़ा, मिंकु कुमार,ज्ञानेश्वर दयाल, मेघाली सेनगुप्ता,अभय कुमार, मनोज कुमार भप्त, रंजीत पांडे, दीपमाला पांडे, पप्पू कुमार गौतम, अर्पण भारद्वाज, रशीद इकबाल, प्रवीण प्रकाश सिंह, सैयद अकबर, तोषी कुमारी, सोनम कुमारी, शाकिन प्रिया, विनीत भास्कर, आयुष सिंहा, सुभाजित अधिकारी, सिस्टर इनेट मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# विस्थापित मोर्चा व यूनियन नेताओं ने चार घंटे तक काम बंद कराया

**▸▸ प्रबंधन ने कहा सभी श्रमिकों को मिलेगा संडे ड्यूटी का लाभ**



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** केडीएच तथा पुरनाडीह परियोजना में कामगारो के संडे ड्यूटी में कटौती किए जाने के विरोध में चार घण्टे काम बन्द रहा।रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रामलखन गंझू, विनय खलखो एव नरेश गंझू के नेतृत्व में दोनो परियोजना में मजदूरों ने काम बन्द रखा। आंदोलन में यूनियन से इंटक के अब्दुल्ला अंसारी, बीएन पांडेय, सोनू पांडेय, पजु महतो भी शामिल थे। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि परियोजना की स्थिति के लिए मजदूर जिम्मेवार नही है इसलिए मजदूरों के सन्डे ड्यूटी में कटौती का प्रबंधन का निर्णय उचित नहीं है। जबकि दिन रात मजदूर मेहनत कर उत्पादन बढ़ाने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी मिलना चाहिए। लेकिन कुछ यूनियन के द्वारा जानबूझकर इस तरह की साजिश कर मजदूरों का संडे काटा जा रहा है जो ठीक नहीं है।जबकि यहां के रैयत विस्थापित मजदूर अपनी जमीन देकर एवं पर्यावरण के विपरीत अपनी खून पशिना बहाकर देश की ऊर्जा बढ़ा रहे है मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि जब यहां के रैयत अपना जमीन देते हैं तो सभी ट्रेड यूनियन इस क्षेत्र में अपनी यूनियन चला रहे हैं। श्री भोगता ने सभी यूनियन से आग्रह किया है कि यहां के रैयत विस्थापित मजदूरों को देखते हुए अपना यूनियन चलाए अन्यथा यहां के रैयत मजदूर सभी यूनियन से इस्तीफा देने के लिए तैयार है। चार घण्टे खदान बन्द रहने के बाद मोर्चा के साथ महाप्रबंधक ने वार्ता किया और आश्वासन दिया कि सभी मजदूरों को सन्डे दिया जाएगा।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक नामकुम में हुई

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रांची झारखंड की बैठक नामकुम में कर्नल अखोरी रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ एंव विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू,कुणाल आजमानी,गुरविंदं सिंह सेठी उपस्थित थे। सांसद संजय सेठ ने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव मे देश सैनिकों के कारण ही पूरी तरह सुरक्षित है। केंद्र की नीति और सैनिकों की ताकत के कारण ही आज भारत नये रूप मे दुनिया के सामने खड़ा है। आसमान से लेकर पाताल तक की ताकत को दुनिया देख रही है। वहीं पूर्व सांसद अजय मारू ने कहा कि भारत आज सैनिकों की बदौलत कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक एक है। 21वी सदी का यह भारत पिछले दस वर्षों मे नये ताकत के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती के चित्र पर पुस्प अर्पित कर किया गया मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह,अरुण झा,सविता देवी,ललन ठाकुर,शिल्पी शालिनी,अक्षय मिश्रा सहित बडी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद थे।

## एक नजर में

### समाजसेवी जनार्दन साहु की अध्यक्षता में बैठक

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में ग्रामीणों की बैठक रविवार को समाजसेवी जनार्दन साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 7 मई को फुलखुन्दी तथा 8 मई को झूलन सह मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय कुमार साहु, सचिव गौरी पाहन व कोषाध्यक्ष कुलदीप साहु बनाये गये। वहीं कमेटी में संरक्षक परिबा साहु, कौशल साहु, जयकुमार साहु, विकास साहु, संदीप साहु, मणिकांत साहु चुने गये। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### नामकुम प्रखंड के हरदाग, सिलादोन में चुल्हा प्रमुख का गठन हुआ



**नामकुम।** रविवार को प्रखण्ड के हरदाग पंचायत के सिलादोन एवं चाँद की ग्राम प्रभारी बसंती देवी की अध्यक्षता में 20 चुल्हा प्रमुख का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री, उरांव ने कहा कि झारखण्ड राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू पार्टी के उग्र आन्दोलन का देन है,साथ ही झारखंड राज्य बना और महिलाओं को सम्मान देने का काम पंचायत स्तर पर आजसू पार्टी ने किया उन्होने कहा कि झारखंड राज्य की दिशा और दशा राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी ही कर सकता है। वहीं राँची जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी ने सभी वयनित चुल्हा प्रमुखों एवं ग्राम प्रभारी को आगामी 28 अप्रैल को ईबीएन यूनिवर्सिटी,राजाउलातु में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर पार्टी की निति सिद्वांत को समझने और जनता के प्रति करने में सहयोग करने की बात कही। मौके पर पार्टी के केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, सचिव कुदरत शेख, राजाउल हक सहित कौसर जहाँ, जैतून निसा, चिंतामणी देवी, सुनीता देवी, रतन देवी, समर प्रवीण, रोजलिन लिण्डा, अनिता देवी, गौतम कुमार, संजय कुमार एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रभारी राजाउल हक ने की।

### यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल रिम्स रेफर





**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटा चिल्द्री मोड़ के समीप शनिवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे राजहंस नामक यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार 27 वर्षीय युवक सुमित लकड़ा पिता गोयों लकड़ा और 34 वर्षीय बसंत टोप्पो पिता रायमन टोप्पो की मौत हो गई। वही 28 वर्षीय हेमंत टोप्पो पिता जक्रियस टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों बिसहा खटंगा मांडर निवासी है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पीसीआर व थाना प्रभारी नकुल साह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत सुमित लकड़ा को मृत घोषित कर दिया। वही दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बसंत टोप्पो का निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार गुमला की ओर से रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार ईंटा चिल्द्री मोड़ के समीप बस की चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार दुर्घटना के बाद बाइक सवार बस में फंसने के बाद काफी दूर तक घिसटते चले गये। वहीं मृतक बसंत टोप्पो के बड़े भाई प्रमोद टोप्पो ने बताया कि वे सभी डुमरी मसिया भरनो मेहमानी गए हुए थे। इधर घटना की सूचना मिलने पर सीओ प्रताप मिंज डीएसपी अखिल नितेश कुजूर व समाज सेवी सुनील टोपनो सीएचसी पहुंचे और घायलों को रिम्स भेजवाया। बेड़ो थाना पुलिस ने घटना स्थल से पल्सर बाइक और यात्री बस को थाने ले लाई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# लोकसभा चुनाव में राजा पीटर से बाबूलाल मरांडी ने मांगा समर्थन



खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड स्थित प्राचीनकालीन दिऊड़ी मंदिर में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने पूजा अर्चना किये। वरिष्ट पुजारी मनोज पंडा ने पूजा संपन्न कराया। पूजा के पश्चात मंदिर समिति मैदान में बाबूलाल मरांडी ने राजा पीटर और उनके समर्थकों के साथ बैठक किया। बैठक के पूर्व बाबूलाल मरांडी का बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा की लोकसभा चुनाव में खूंटी निर्वाचन क्षेत्र में राजा पीटर तथा उनके समर्थक भाजपा को समर्थन दें ताकि देश में फिर एक बार मोदी सरकार को विजयी बनाये। इस पर राजा पीटर ने कहा की कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श के बाद ही इस पर निर्णय लिया जायेगा। मौके पर आरती जायसवाल, कुणाल मांझी, बंटी मुंडा, प्रवीन चौधरी, अटकु चौधरी, संतोष जायसवाल, आशीष पांडेय, अमृतेस पाठक, धनंजय स्वांसी, सीताराम मुंडा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# आशुतोष तिवारी आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बनाये गये, विभिन्न संगठनों ने दी बधाई









खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी को आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव का पदभार दिया है। सांगठनिक कुशलता और राजनीतिक दूरदर्शिता को देखते हुए आशुतोष तिवारी को आजसू पार्टी ने इस पद पर नियुक्त किया है। केंद्रीय सचिव बनाए जाने के बाद आशुतोष तिवारी ने कहा कि पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उस पर मैं शत प्रतिशत खरा उतरूंगा। मैं जनता की सेवा शुरू से ही करते आ रहा हूं। अब केंद्रीय सचिव बन जाने के बाद मैं जनता की सेवा और मेहनत से करूंगा। उनके दुख दर्द में शामिल रहूंगा और दूर करने का प्रयास करूंगा। पार्टी और जनता का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जनता का प्यार है कि वह हमसे कम से कदम मिलाकर चलते हैं। जिसका नतीजा आज आजसू पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी से जुड़े हुए महज डेढ़ महीना हुआ है और आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव के पद पर आशुतोष तिवारी को नियुक्त किया है।

> मांडर प्रखंड अंजुमन के सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी ने भी आशुतोष तिवारी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जाति संप्रदाय से हटकर राजनीति करने वाले आशुतोष तिवारी की प्रतिभा कोआजसू पार्टी ने पहचाना और उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेवारी दी है। मैं चाहता हूं कि वह राजनीति के ऊंचाइयों को छुए और जनता की समस्याओं का समाधान करते रहे।

> तैलिक विकास संघ चोरिया के अध्यक्ष अनिल कुमार साहु ने कहा कि केंद्रीय सचिव बनाए जाने पर आशुतोष तिवारी को हमारे समाज की तरफ से बहुत सारी बधाई। आगे उन्होंने कहा कि आशुतोष तिवारी शुरू से जनता के दिलों में राज करते आए हैं। उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना। इसी का नतीजा रहा कि जनता ने उन्हें सर पर बिठाते हुए भारी मातों से जिला परिषद सदस्य के रूप में चुना और आज आंजसू पार्टी ने उन्हें केंद्रीय सचिव का पद दिया।

> चान्हो प्रखंड मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष लतीफ अंसारी ने कहा कि आशुतोष तिवारी सभी समुदायों को बराबर के नजरिए से देखते हैं। उन्होंने कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। सभी के दुख सुख में हमेशा शामिल रहे। वह चाहते हैं कि लोगों को हमसे कैसे ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचे। मैं चाहता हूं कि वह राजनीति के ऊंचे मुकाम पर पहुंचे और सेवा करने का जो जज्बा है वह हमेशा कायम रहे।

# बेड़ो में राजमिस्त्री की लाठी डंडे से पीटकर हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ के टावर के पास इसी थाना क्षेत्र के करांजी गांव निवासी करीब 25 वर्षीय राजमिस्त्री सरवर अंसारी की लाठी डंडा से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार की रात की है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गहराई से तहकीकात कर रही है। वहीं इस संदर्भ में मृतक के भाई मुबारक अंसारी ने बेड़ो थाना में एक लिखित सूचना दिया है। साथ ही हत्या का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग किया है। इधर घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करांजी गांव निवासी सरवर अंसारी राजमिस्त्री का काम करता था। वह शनिवार की शाम उसके साथ रेजा काम कर रही चरिमा गांव निवासी एक महिला बिरसमुनी उराईन के घर पैसा पहुंचाने गया था। इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को एक जगह देखा। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। इसके बाद कहासुनी व बकझक होने लगी। वहीं इस दौरान महिला बिरसमुनी उराईन ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि वह मुझे पैसा देने आया है। फिर भी ग्रामीण नहीं माने। इसके बाद ग्रामीणों ने लाठी डंडा से पीटकर उसकी हत्या कर दी। साथ ही मृतक के शव को ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ स्थित टावर के पास फेंक दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नकुल साह सदल बल खिरदा मोड़ पहुंचे। साथ ही काफी देर तक खोजबीन करने के बाद रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच मृतक का शव को टावर के पास से बरामद कर लिया। इधर बेड़ो पुलिस ने एफ एस एल टीम के साथ घटना की जांच शुरू कर दिया है। बेड़ो पुलिस ने मृतक का शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस संदर्भ में कांड के उद्भेदन को लेकर बेड़ो पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# सवारी गाड़ी की छत से गिर कर एक की मौत, एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** जोन्हां टाटी सिंगारी सड़क पर गुटीडीह कोईर बागान के पास शनिवार की रात करीब आठ बजे एक ओवर लोड सवारी गाड़ी के छत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया मृतक का नाम कमला बेदिया 40 वर्ष बताया गया है वह बंघुवाडीह का रहने वाला था। और रांची से मजदूरी करके वापस घर लौट रहा था। जबकि घायल व्यक्ति का नाम भीम बेदिया बताया गया है वह सारजम डीह का रहने वाला था उसे इलाज हेतु रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि सवारी गाड़ी प्रतिदिन मजदूरों को रांची ले जाने और लाने का काम करता है। लेकिन उस गाड़ी में क्षमता से तीनगुणा यात्री के रूप मजदूर सवार रहते हैं। गाड़ी में छत के उपर और अन्दर बाहर मधुमक्खी की तरह पुरुष और महिला मजदूर सवार रहते हैं। पुलिस ने सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु घायल को इलाज हेतु रिम्स भेज दिया है।

### श्री श्री मंडा पूजा समिति बूटी की मंडा पूजा को लेकर बैठक



**रांची।** श्री श्री मंडा पूजा समिति बूटी ने रविवार को आगामी मंडा पूजा के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक मंडा मंदिर प्रांगण में किया गयाए जिसमें आने वाली वैशाख, बुद्धद्ध पूर्णिमा 23 मई 2024 दिन गुरुवार से आयोजित मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से राजेंद्र ओहदारए फुलेश्वर महतोए रामेश्वर प्रसादए अशोक ओहदारए एवं गांव के गन्यमान लोगों कि उपस्थिति में विचार विमर्श किया गयाए जिसमें बताया गया कि आगामी मंडा पूजा की शुरूआत पाट पूजा से होगीए23 मई को लोटन सेवाए रात्रि में 8 बजे फूलखुंदी एवं छऊ नृत्य का कार्यक्रम होगाए और 24 मई को दिन में ड्डोक्ता झूलन एवं रंगा रंग आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। बैठक की अध्यक्षता श्री ललकु महतो जी के द्वारा किया गया। पूजा को संचालन करने के लिए सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया गया।समिति मेस अध्यक्ष राम ओहदार, कार्यकारी अध्यक्ष अमर महतो, महासचिव श्री हेमन्त ओहदर, उपाध्यक्ष कपिल महतो, जयकिशोर नायक, अजीत महतो, धर्मेश ओहदार, बबलू भंडारी, पवन ओहदार, कोषाध्यक्ष लिखेश्वर ओहदार, सह कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, उमेश कुमार, सचिव कर्मदेव बैठा, अविनाश कुमार, रजनीकांत ओहदार, सत्यम कुमार, विनय महतो, सह सचिव अजय नायक, पुनीत कुमार, राजन महतो, देवेन्द्र महतो, निखिल ओहदार, शिवम ओहदार, कुणाल महतो, मीडिया प्रभारी मनीष कुमार, देवाशीष महतो, सौरभ कुमार, संगठन मंत्री अजीत ओहदार, करण कुमार, विजय कुमार, सतीश महतो, मुकेश कुमार, पंकज राज, कार्यकारी सदस्य पवन कुमार, रोहन कुमार, नितेश महतो, चंचल महतो, कुशल महतो, कुणाल ओहदार, पंकज ओहदार, जोशी ठाकुर, सुरेन्द्र महतो, अभिषेक नायक, आलोक राज, बबलू मरांडी एवं समिति के सभी सदस्य।

# गढ्ढे से एक शव बरामद

**मांडर।** पुलिस ने रविवार सुबह थाना के बूढ़ाखुखरा स्थित बिसाही मोड़ के समीप मुख्य पथ सड़क किनारे गढ्ढे से ने एक शव बरामद किया। शव की पहचाना मलटोटी निवासी 30 दीपक पहान के रूप में की गई। उसी गढ्ढे में उसकी केटीएम बाइक भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक टेंट हाउस संचालक था। वह शनिवार को अपने टेंट हाउस का सामान की बुकिंग नारो गांव दी हुई थी। वह इसी सिलसिले में अपने घर से बाइक में अकेले ही नारो गांव गया था। लोगों का कहना था कि सकता है कि नारो से वापस लौटने के क्रम में बिसाही मोड़ के निकट वह बाइक से असंतुलित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गढ्ढे में गिर गया होगा, और वहीं पर उसकी मौत हो गयी होगी। रविवार की सुबह करीब पांच बजे किसी ने उसे बाइक सहित गढ्ढे में गिरा देखा और इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी।

### गोन्दलीपोखर में खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय

**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड के गोन्दली पोखर में भाजपा का खिजरी विधान सभा स्तरीय चुनाव कार्यालय खोला गया। इस चुनाव कार्यालय का उदघाटन रांची के सांसद संजय सेठ ने फीता काटकर किया इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पहान भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो सहित अनगड़ा ओरमाझी एवं नामकोम प्रखंड भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## कुंती देवी बनीं जनकल्याण समर्पण संस्थान की कार्यकारी अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान की बैठक रविवार को सिकिदिरी के ढेलुवा खुटटा स्थित कार्यालय में संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसी कड़ी के तहत बैठक में सर्वसम्मति से कुंती देवी को संस्थान के केंद्रीय टीम का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने सौंपा।इस के अलावा रामगढ़ जिले के गोला निवासी मेंहदी मुंडा को रामगढ़ जिला का व देवघर जिले के बलसरा रिखिया पीठ निवासी चंद्रशेखर पोद्दार को देवघर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि जनकल्याण समर्पण संस्थान अब झारखंड के सभी जिलों एवं प्रखंडों में संगठन का विस्तार करेगी। कहा कि संस्थान पर्यावरण संरक्षण, सेवा कार्य सहित खेल के क्षेत्र में गांव में छुपी प्रतिभाओं को निखारकर राज्य स्तर पर आगे बढ़ाने का काम करेगी। संचालन संस्थान के रमण कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव सत्यपाल राउत,खेल प्रभारी अमन कुमार जायसवाल, सह प्रभारी रोहित क्षेत्री, मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार वर्मा, सदस्य विजय सिंह, मघु करमाली, दीपक राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर परिसर में पांच दिनों तक बहनेवाली कथा की गंगा में डुबकी लगायेंगे श्रद्धालू

खबर मन्त्र संवाददाता

### शिव हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 6 मई से



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों के सहयोग से नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह कथा का आयोजन आगामी 6 मई सोमवार से शुभारंभ होगा। इस दौरान भव्य कलश यात्रा व पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 मई तक चलेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के यगाचार्य पंडित सतीश कथा व्यास निकुंज लाडली और यजमान जितेंद्र पाठक के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। वही धार्मिक अनुष्ठान में हवन आरती, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। इधर पांच दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में गांव की महिलाएं बढ़ चढ़ कर सफल बनाने में लगी है जिनमें प्रमिला देवी, सरिता देवी, देवंती देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, बालो देवी, सारो देवी, रोहिणी देवी, ममता देवी, लाली देवी, लालो देवी, प्रीति देवी, किरण देवी, शांति देवी, तेजो देवी, बसंती देवी, रिंकी देवी, अनीता देवी, नीलम देवी, सरस्वती देवी, राखी देवी, संगीता देवी, लीला देवी, मानती देवी, मालती देवी, शोभा देवी, देवंती देवी, युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

## श्री महाबीर मंडल के तत्वाधान में अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन



**ठाकुरगांव।** श्री महाबीर मंडल उरुगुट्टू के तत्वाधान में रविवार को अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, आजसू के जिलाध्यक्ष संजय महतो, भाजपा के वरीय नेता अनिल टाइगर ने किया। मौके पर आदित्य प्रसाद ने कहा कि भगवान राम का जीवन हमे बुराइयों को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमे सभी धर्मों का सम्मान करने की जरूरत है। कार्यक्रम में कांके, बुढ़मू, मांडर, रातू, लोहरदगा, चतरा, लातेहार, खूंटी के दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों ने देर रात तक अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन कमेटी द्वारा सभी अखाड़ेधारियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, कृष्णा महतो, प्रेमप्रकाश सिंह, मनोज महतो, पप्पू बैठा, सोहन महली, अमृत महतो, रामदयाल महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### आश्वासन के बाद भी मुआवजा नहीं दिया गया



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के कोकालगाम निवासी रंजीत सिंह मुंडा की कुछ दिनों पहले सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई थी। आक्रोश ग्रामीणों ने शव को लेकर सड़क को जाम कर दिया था। किसी तरह प्रशासन के समझाने के बाद मुआवजा का आश्वासन देकर सड़क को जाम मुक्त किया गया। लेकिन आज तक उसके परिवार वालों को मुआवजा के तौर पर कुछ नहीं मिला। मृतक की पत्नी ने कहा की मुआवजा तो दुर की बात है आज तक हमारे यहां एक भी नेता जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचे देखने के लिए की हमलोग किस हाल में जी खा रहे हैं। हमलोग गरीब परिवार से हैं हमारे दो छोटे छोटे बच्चे हैं बच्चे लोगों का पढ़ाई की व्यवस्था हो जाता तो हमलोग किसी तरह अपना भरण पोषण कर लेते। लेकिन आज तक कोई झांकने तक नहीं आयाएऔर वोट के समय आकर बहुत बड़ी बड़ी बाते करते हैं।

खबर मन्त्र

रांची.सोमवार. 22 अप्रैल 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# संकट में पृथ्वी

आधुनिक आदमी की सोच में मनुष्य ने पृथ्वी को जड़ मान अपने को अलग कर उस सम्पदा का स्वामी मान बैठा। उसे जीवन को संचालित करने के लिए विकास का एक नया मंत्र मिला गया जिसका आशय निरंतर आगे बढ़ना है और दुनिया के सारे संसाधनों का उपयोग करना है। दुनिया, जगत या पृथ्वी हमारे लिए साधन हैं जिनका मन मजी से उपयोग करना है। मनुष्य सब कुछ का केंद्र बन गया और उसके स्वार्थ की सिद्धि को प्रमुख मान लिया गया। पृथ्वी के सभी संसाधनों का अंधाधुंध दोहन शुरू हुआ। अनियंत्रित विकास के चलते एक ओर पृथ्वी की उर्वरा शक्ति कम होने लगी तो दूसरी ओर कूड़ा-कचरा का ढेर लगाने लगा। जो जितना विकसित हुआ उसने उतने ही ज्यादा कूड़ा पैदा किया। देखते-देखते राजधानी दिल्ली जैसे बड़े महानगरों में कूड़े के कई पहाड़ खड़े हो गए जिनका निस्तारण असंभव सी परियोजना हो गयी। मातृभूमि का एक भौतिक आधार है पर वह सांस्कृतिक संकल्पना है। भौतिक विस्तार के क्षेत्र का घट-बढ होता रहा है। मातृभूमि राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य अंश रहा है। सुजलां , सुफलां, मलयजशीतलां मातरं, बंदे मातरम् का आवाहन हमें कर्म और त्याग के साथ ह्यमातृदेवो भवह्ण के संकल्प की ओर अग्रसर करता है। मातृभूमि की वंदना राष्ट्रीय संस्कृति का मुख्य भाग रहा है। यह राष्ट्रीय आस्था का विषय है। धरती के साथ हिंसा किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हो सकती।खेती-बारी, काम-धंधा, सुख-स्वास्थ और सामाजिक-आर्थिक उन्नति से जुड़ी सारी गतिविधियां धरती पर ही टिकी हैं। हम पृथ्वी का हर प्रकार से दोहन कर रहें हैं। लेकिन पृथ्वी के संरक्षण और जल,जंगल, जमीन, वायु और मिट्टी की गुणवत्ता समाप्त होने की दिशा में उत्पन्न भयावह प्रलय की चिंता पर गंभीर नहीं है।


# खत

उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। साथ ही हर उत्पाद में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि किसी खाद्य या पेय पदार्थ में कितनी मात्रा में नमक या चीनी का उपयोग किया गया है। दरअसल, इन उत्पादों में चीनी-नमक की मात्रा की निगरानी वाले तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही देश में ऐसे प्रयोगशालाओं की स्थापना हर राज्य में की जाए जो लोगों के उत्पादों की जांच-पड़ताल कर सके। साथ ही दोषी पाये जाने वाली कंपनियों पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

# पृथ्वी के संकट को गंभीरता से लेने का समय

**पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर विशेष**





**- गिरीश्वर मिश्र**

> उद्घोषणा को कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा आगे नहीं बढ़ पा रही है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश और जैव विविधता के ह्रास का खतरा बढ़ रहा है। धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ-कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें।

पृथ्वी, धरती, वसुंधरा, भूमि आदि विभिन्न नामों से जाने जाने वाली सता को हजारों साल से माता कहा जाता रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में माताभूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः का उद्घोष मिलता है। माता के रूप में पृथ्वी जाने कब से मनुष्य, पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि सभी जीवित प्राणियों यानी अपने आश्रितों का निर्व्याज भरण-पोषण करती आ रही है। माता का स्वभाव है कि वह स्वयं कष्ट सह कर भी अपना सारा प्रेम शिशुओं के ऊपर उड़ेलती रहती है क्योंकि वह अपनी संततियों को अपने अस्तित्व से अलग नहीं रखती। वे उसी के अभिन्न अवयव या अंश होते हैं ।वैसे भी सारी दुनिया में जो कुछ भी स्थित है वह ईश्वर का आवास हैः ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित् जगत्यां जगत ।इसलिए उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं बनता । तभी भारत के आदमी ने सोचा कि पृथ्वी पर जीवन सिर्फ. बसता नहीं है । वह प्राण शक्ति है और वह उसी की बदौलत जीता है । हमारी भाषा, विचार और शरीर-रचना सब पर इस भूमि का अनिवार्य प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी प्राणियों के लिए आश्रय ही नहीं है वरन उसी से ही जीवन संभव हो पाता है। हम सब पृथ्वी के तत्वों से निर्मित होते हैं। मिट्टी की सबसे विलक्षण शक्ति उसकी उर्वरा क्षमता में निहित है। इस जीवनी शक्ति के चलते रूखे-सूखे बीज का रूपांतरण होता है, अंकुरित होकर वह बीज हरी-भरी घास, अन्न की लहलहाती फसल, नाना प्रकार के चित्ताकर्षक सुगंधित पुष्प, भाँति-भाँति के सुस्वादु रसीले फल वाले, औषधीय और अन्य कि स्म के वृक्ष-वनस्पतियाँ आदि जानें क्या-क्या बन जाता है।

धरती के नीचे प्रवाहित जल हमारे जीवन का स्रोत है। उसके क्रोड़ में विभिन्न धातुएँ-कोयला, सोना, चाँदी, लोहा, हीरा, मोती हैं, ऊर्जा का स्रोत पेट्रोल है। क्या कुछ नहीं है उसमें। बहुत से पदार्थ ऐसे भी हैं जो रत्नगर्भा पृथ्वी ने अपने भीतर छिपा रखे हैं और हमें उनका ज्ञान नहीं है। ऐसी पृथ्वी जड़ नहीं है और हमें अपने अस्तित्व को उसके हिस्से के रूप में देखना चाहिए। हमारा पृथ्वी से सम्बन्ध एक समग्र रचना या अंगी के अंग के रूप समझना चाहिए। पृथ्वी को देवता माना गया। पृथ्वी रक्षणीय और वंदनीय हो गयी। भूमि को माता का दर्जा मिला। परंतु आज की स्थिति भिन्न है। अब वैश्विक स्तर पर सभी देशों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों में जलवायु - परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन खतरे में पड़ रहा है । हम सब प्रकृति और मनुष्य अलग-अलग देखने लगे हैं। प्रकृति का संसाधन वाला रूप बड़ा आकर्षक लगता है। विगत वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य अपने सीमित स्वार्थों के चलते बाज नहीं आता। उसे यह विस्मृत हो जाता है कि प्रकृति विकल्पहीन है।उसे खोने का खतरा हमें कहीं का न रखेगा। यूरोप और अमेरिका के विकसित देशों में बाढ़, लू, सूखा और तूफान जैसी चरम स्थितियों का कई कई बार सामना करना पड़ा है। भारत के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की विभीषिका का असर हुआ था। दुबई में हुई ताजा वर्षा और बाढ़ अभूतपूर्व है।

सभी देश पर्यावरण की रक्षा के लिए जरूरी मानकों, मानदंडों और पाबंदियों को स्वीकार न करके छूट लेने की फि राक में हैं। ग्रीनगैस के उत्सर्जन को लेकर आज जो हालात हैं उसमें यह स्थिति खास तौर पर दिख रही है। अब पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि अनियंत्रित होती जा रही है। विडम्बना यह भी है कि इस वैश्विक पैमाने पर आ रही विपत्ति का नुकसान अक्सर कम विकसित देशों को ही भुगतना पड़ता है। अनुमान है कि विश्व को 2.5 से 2.9 सेल्सियस तापमान से गुजरना होगा। मौसम में होने वाले इस तरह के क्रांतिक बदलाव के भयानक परिणाम हो सकते हैं।

आज प्रौद्योगिकी का जिस तेजी से विकास हो रहा है वह प्रकृति की संभावनाओं को कुंठित और करने वाला साबित हो रहा है । खेती में में रासायनिक खाद और कीटनाशकों आदि के विविध रूप विष की तरह मानव शरीर में पहुँच कर अनेक रोगों को जन्म दे रहे हैं। यही हाल आणविक ऊर्जा के उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का भी है। वृक्षों आदि विभिन्न वनस्पतियों, मनुष्य और अन्य जीव जंतु सभी परस्पर निर्भर हैं। ये सभी एक दूसरे के लिए पूरक की तरह सक्रिय हो कर काम करते हैं। परंतु मनुष्य प्रकृति से लेता तो है पर उसे देने की बात याद नहीं रहती है। हाँ, कई लोगों को मन में यह भ्रम जरूर है कि प्रकृति असमाप्य है, कभी खत्म न होगी। हम प्रकृति को जड़ या निर्जीव मान कर मनोवांछित तरीके से इच्छानुसार उसके शोषण और दोहन में शामिल हो जाते हैं। यह हमारे स्वभाव का हिस्सा बनता जाता है। हम असंवेदनशील और असहिष्णु हो कर हिंसक बनते जाते हैं।

पृथ्वी से मिलने वाले प्रसाद का सेवन श्रेयस्कर होता है न कि लोभवश अंधाधुंध शोषण। पृथ्वी की अकूत सम्पदा में बहुत कुछ यदि पुनर्नवीकरण करने लायक (रिन्यूएबिल) होता है तो बहुत कुछ उपयोग के साथ क्रमशः खत्म होता जाता है। परंतु यह सब देख हम पृथ्वी को एक संसाधन मान बैठते हैं जिसका शोषण करने लगते हैं। पृथ्वी को उपभोग्य और उसके सभी पक्षों का उपभोग करते रहना हम अपना हक सा मान बैठे है। इस उपभोग के अनियंत्रित होने से जीवन की पारिस्थितिकी खतरे में पड़ने लगी है क्योंकि सब कुछ परस्पर सम्बंधित है।

पृथ्वी को जन की धात्री कहा है। उपेक्षा की जगह जागरूक हो कर पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा अपेक्षित है। भौतिक समृद्धि के साथ आध्यात्मिक उन्नति भी होनी चाहिए। एकांगी भौतिक विकास के परिणाम जलवायु परिवर्तन के दृष्टि से घातक हैं। मातृभूमि के संवर्धन में ही सबकी वृद्धि है।

मतभेद, प्रतिस्पर्धा और हिंसा के फलस्वरूप मातृभूमि की हानि और सामान्य जन जीवन की भी हानि होती है। दोनों परस्पर निर्भर हैं। हर तरह की विविधता को परे करते हुए मातृभूमि सभी का ख़्याल रखती है। मातृभूमि का भाव निर्मल करने वाला होता है और वह बिना किसी के साथ भेद-भाव किए वह विभिन्न प्रकार के लोगों और समुदायों का भरण पोषण करती है।

## खास बात

# गाजा में युद्ध थमे

उम्मीद की जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव के बाद इस्राइल गाजा पर निरंतर जारी हमलों पर रोक लगाएगा। उल्लेखनीय है कि पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने रमजान के महीने के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम लागू करने, बंधकों की बिना शर्त रिहाई तथा युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता सुनिश्चित करने को कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मतदान से दूरी बनाकर अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह गाजा मे शांति प्रयासों को साकार होता देखता चाहता है। वहीं अमेरिका का प्रस्ताव को वीटो न करना यूएसए व इस्राइल संबंधों में खटास आने का भी संकेत है। जिसको लेकर इस्राइल के नेता अमेरिका पर हमलावर हैं। इस्राइल ने अपने सदाबहार दोस्त अमेरिका पर संकट के समय साथ न देने का आरोप लगाया है। यहां तक कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा रद्द करके अपनी नाराजगी जाहिर की है। हालांकि, कहना कठिन है कि इस्राइल और हमास सुरक्षा परिषद के पारित प्रस्ताव का किस हद तक पालन करते हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि फिलहाल अमेरिका व इस्राइल के रिश्तों में खटास आ चुकी है। हालांकि, अब तक बाइडेन प्रशासन इस्राइल को पर्याप्त सैन्य मदद देता रहा है और हमास को समाप्त करने के उसके लक्ष्य का समर्थन भी करता आया है।

लेकिन इसके बावजूद अमेरिका चाहता रहा है कि संघर्ष में आम लोगों की मौत कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास के क्रूर आतंकवादी हमले के बाद इस्राइल के जवाबी हमले में बत्तीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के बावजूद इस्राइली हमले जारी हैं।

तमाम अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों ही युद्धरत पक्षों के रुख में नरमी नहीं आ रही है। जहां इस्राइल के हमले जारी हैं, वहीं अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों द्वारा पेश युद्धविराम व बंधकों की रिहाई के लिये मध्यस्थता के नये प्रस्ताव को हमास ने खारिज कर दिया है।

# पशु स्वभाव

## विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**बुद्ध** ने अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर वैदिक जगत के विभिन्न तत्वों की पुष्टि की है। इनमें हैं कई स्वर्ग, नरक और देव, असुर और राक्षस जैसी पराशक्तियां। बुद्ध ने अपनी दैवीय दृष्टि से इन प्राणियों और लोक को देखने का दावा किया है। उन्होंने यह दावा भी किया है कि किस तरह भावुक प्राणी देह बदलने की प्रक्रिया में अस्तित्व के इन विभिन्न रूपों से गुजरते हैं। इसलिए बुद्ध ने इसे वैदिक ब्रह्मांडीय भूगोल समझा, जहां ये सभी प्राकृतिक और अलौकिक प्राणी रहते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जगदला मठ के एक बौद्ध महंत ने बुद्ध पर 30 श्लोक लिखे, जबकि शिव पर 73 और विष्णु पर 40।

दार्शनिक और मानव विज्ञानी आश्चर्य करते हैं कि एक बौद्ध ग्रंथ में शिव और विष्णु क्या कर रहे हैं। न ही वे यह बता सकते हैं कि वैदिक देवता किस तरह महायान का हिस्सा हैं। उनके ग्रंथों में एक बौद्ध के रूप में जापान और चीन के वैदिक देवों का बेतुका वर्णन है। कथाओं के मुताबिक जब बुद्ध ने उपदेश देना शुरू किया तो वे उसके अनुयायी बन गए। महायान परंपरा में बुद्ध ज्ञान का सिद्धांत हैं, जो वैदिक खांचे में पूरी तरह सही बैठते हैं। इसका सबसे सशक्त रूप हमें लोटस सूत्र या सद्धर्म पुंडरिका सूत्र में दिखता है। अलग-थलग रहते हुए कश्मीरियों ने अपने बहुत से पुराने रिवाजों को बचाए रखा है। हालांकि उनके हाल के इतिहास के चलते कई समारोहों का अर्थ खो गया है। उदाहरण के लिए, हमें अस्तित्व की छह मनोवैज्ञानिक स्थितियों के बारे में बताया गया है। यहां सबसे निचली तीन स्थितियों के प्रतिनिधि हैं, बुरे लोगों के विचार, अधूरी इच्छाओं के भूत और हमारा पशु स्वभाव।

**देश** के युवाओं!

कांग्रेस आपको 5 ऐतिहासिक गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी।

1. भर्ती भरोसा : 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी।

2. पहली नौकरी पक्की : हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रू प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस**

## आपके ट्वीट

**उलगुलान** न्याय महारैली के मंच पर आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का स्वागत किया। उनके मार्गदर्शन में झारखंड की धरती से जो उलगुलान शुरू हुआ है, वह देश की राजनीति की दशा एवं दिशा बदल कर रख देगा।

**- चंपई सोरेन, सीएम**





**जालौर** में उमड़ा ये जनसागर साफ संकेत है कि इंडी अलायंस के झूठे वादे पर मोदी की गारंटी भारी है। इस बार भी पूरा राजस्थान कमल खिलाने को तैयार है।

**- नरेन्द्र मोदी**

# शिवराज की जीत का कीर्तिमान बनाएंगी लाडली बहनें

**प्रमोद भार्गव**

## चुनाव 2024

**मध्य प्रदेश** लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लाडली बहनों का साथ मिल गया तो वे मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले प्रत्याशी हो सकते हैं। वैसे भी मतदान में इस आधी आबादी की लगभग बराबर की हिस्सेदारी है। प्रदेश में 2,73,87,122 महिला मतदाता हैं, जो कुल मतदाताओं की 47.75 फीसदी हैं। इनमें से एक करोड़ 29 लाख से अधिक लाडली बहनों को 1250 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं। उज्ज्वला योजना की 80 लाख और पात्र लाडली बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर मिल रहा है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान मुख्यमंत्री शिवराज के कार्यकाल में ही हुआ है। महिला स्व-सहायता समूह की 62 लाख सदस्यों में से 15 लाख लखपति दीदी हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की 2 लाख 33 हजार महिलाओं को पोषाहार भत्ता का प्रावधान शिवराज के समय ही हुआ था। इसीलिए हम देख रहे हैं कि विदिशा संसदीय क्षेत्र से शिवराज के प्रत्याशी घोषित होने के बाद शिवराज भैया को चुनाव लड़ने के लिए धन दे रही हैं। विदिशा को शिवराज का गढ़ माना जाता है। 19 साल बाद शिवराज इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जनता ने उनसे भाई और मामा का रिश्ता बना हुआ है। भांजे-भांजी उनके लिए गुल्लक में पैसे इकट्ठे करके दे रहे हैं। एक मोची ने शिवराज को 10 रुपए का चंदा दिया। यहां धनराशि को छोटी या बड़ी राशि के रूप में देखने की बजाय उसे शिवराज की लोकप्रियता के रूप में देखने की जरूरत है।

2018 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 2023 में 1.52 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। इसे लाडली बहनों का करिश्मा बताया गया है। शहर से कहीं ज्यादा ग्रामीण मतदाता की मतदान के प्रति जागरूकता दिखी है। इसीलिए ग्रामों में महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखने में आईं थीं। साफ है, जिस उत्साह से मतदाता घर से बाहर निकला उससे उसका लोकतंत्र के प्रति दायित्व बोध झलका ही, शिवराज के प्रति विश्वास भी नजर आया था। यही करिश्मा विदिशा लोकसभा सीट पर दिखाई देगा। इस बहुचर्चित विदिशा संसदीय क्षेत्र में 7 मई को मतदान होना है। यह सीट वैसे भी जनसंघ और भाजपा का गढ़ मानी जाती रही है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर सुषमा स्वराज भी लोकसभा का चुनाव जीत चुकी हैं। स्वयं शिवराज इस सीट से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। यहां से कांग्रेस ने प्रताप भानु शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। शर्मा सातवीं और आठवीं लोकसभा में विदिशा से सांसद रह चुके हैं। वे कोई ज्यादा दमखम दिखा पाएंगे ऐसा लग नहीं रहा है। इसलिए शिवराज का पलड़ा ही भारी दिख रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उदार कार्यशैली का परिणाम ही रहा था कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को 166 सीटों पर बड़ी जीत मिली थी। शिवराज सिंह चौहान के नवाचार निरंतर देखने में आते रहे हैं। बालिकाओं की संख्या कम होना किसी भी विकासशील समाज के लिए बड़ी चुनौती थी। इस चुनौती से तभी निपटा जा सकता है, जब स्त्री की आर्थिक हैसियत तय हो और समाज में समानता की स्थितियां निर्मित हों। इस नजरिए से मध्यप्रदेश में ह्यलाडली लक्ष्मी योजनाह्ण एक कारगर औजार साबित हुई। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब ने ही नहीं पूरे देश ने इस योजना का अनुसरण किया और बेटी बचाने के लिए जुट गए। क्योंकि बेटी बचेगी, तभी बेटे बचेंगे और सृष्टि की निरंतरता बनी रहेगी। जैविक तंत्र से जुड़े इस सिद्धांत को हमारे ऋषि-मुनियों ने भलि-भांति आज से हजारों साल पहले समझ लिया था, इसीलिए भगवान शिव-

## कार्टून वर्ल्ड




# जब मॉडल बनते- बनते रह गए सत्यजित राय

**अजय कुमार शर्मा**

## सिनेमा

**भारत** की आधुनिक सांस्कृतिक पहचान के दो विश्वव्यापी चेहरे रहे हैं- एक रवींद्रनाथ टैगोर और दूसरे सत्यजित राय। विश्व-प्रसिद्ध फि ल्म-निर्देशक होने और देश विदेश के अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के बावजूद सत्यजित राय की आर्थिक स्थिति साधारण ही थी। अपने पूरे जीवन में उनके पास कभी इतना पैसा नहीं रहा कि वे अपना खुद का घर भी खरीद सकें। सार्वजनिक जीवन में वे अत्यंत ईमानदारी से आचरण करते थे। प्रारंभ की कुछ फि ल्मों को छोड़ कर बाद की अपनी सभी फि ल्मों में वे खुद ही संगीत भी देते थे, मगर वे निमार्ता से केवल निर्देशन के लिए तय पैसा ही लेते थे।

जनवरी 1988 में क्लेरियन विज्ञापन एजेंसी के कुछ लोग सत्यजित राय के घर यह प्रस्ताव लेकर पहुंचे थे। तब सत्यजित राय कुछ काम में व्यस्त थे तो उनकी पत्नी विजया ने उनसे बातचीत की। उनके पुत्र संदीप भी तब वहां मौजूद थे। सत्यजित राय की उम्र तब 67 साल की थी। काम कुछ ज्यादा नहीं था। दोनों पति-पत्नी को बस हाथों में चाय का कप लेकर बैठना था और एक दो वाक्य बोलना था। कंपनी छोटे से विज्ञापन के लिए भारी रॉयल्टी देने को तैयार थी। विजया जी को लगता था कि इस विज्ञापन का काम उन्हें स्वीकार कर लेना चाहिए। इसका एक और कारण भी था। पिछले करीब पांच सालों में सत्यजित राय ने एक भी फि ल्म निर्देशित नहीं की थी। इसके चलते आय एकदम घट गई थी। ऐसे में ही 1983 में उन्हें दिल का जबर्दस्त दौरा पड़ा था। उनकी दवाइयों का खर्च बहुत बढ़ गया था। चूंकि राय एक लोकप्रिय लेखक भी थे, इसलिए उनकी पुस्तकों और अनुवाद की रॉयल्टी से घर चलाने जितनी राशि मिल जाती थी। अंततः विजया जी ने क्लेरियन के अधिकारियों को हामी भर दी। जब यह बात संदीप को पता चली तो वह थोड़ा नाराज हो गया। चकित होती हुई विजया जी बोलीं, 'इसमें क्या समस्या है? जब वे लोग आए थे, तब तो तुम वहीं पर थे। तब तुमने कुछ क्यों नहीं कहा?

'देखो माँ, क्या पिताजी के स्तर के व्यक्ति का पैसों के लिए विज्ञापन में काम करना ठीक लगेगा? क्या तुमने यह सोचा है कि उन्हें इस बात का कितना बुरा लगेगा?' इस पर विजया जी का जवाब था कि मैंने ऐसा विचार किया ही नहीं। मैं केवल विज्ञापन से मिलने वाले पैसों के बारे में ही सोच रही हूं । एक छोटे-से विज्ञापन के लिए वे लोग लाखों रुपया देने को तैयार हैं। मेरे कुछ जरूरी और रुके हुए कार्य इससे पूरे हो जाएंगे। तुम इस बारे में अपने पिता से कोई बात मत करना। बड़ी मिन्नत से मैंने उन्हें तैयार किया है।'

विज्ञापन एजेंसी के अधिकारियों को यह विज्ञापन कलकत्ता में शूट नहीं करना था। उन्होंने इसे राय बाबू की पसंदीदा जगह करने का निर्णय लिया था। सत्यजित राय ने उन्हें काठमांडू का सुझाव दिया। एजेंसी वाले इसके लिए तैयार हो गए। संदीप उस वक़्त किशोर कुमार पर एक डॉक्यूमेंट्री बना रहे थे और उन्हें मुंबई जाना था। इसके चलते सत्यजित, विजया जी और फोटोग्रॉफर निमाई घोष तीनों काठमांडू चले गए। विजया जी समझ गईं कि संदीप नाराज है इसलिए बहाना कर मुंबई चला गया है। उनके मन में पहली बार यह संदेह उपजा कि वे जो कर रही हैं, वह ठीक है अथवा गलत।

काठमांडू में होटल ओबेरॉय में रॉय के रहने की व्यवस्था की गई थी। सुबह एजेंसी के लोग आए और उन्होंने हाथ में चाय के कप पकड़े इस जोड़े के अनेक फोटो निकाले। दूसरे दिन संदीप भी मुंबई से सीधे काठमांडू पहुंच गया। जब विजया जी ने उसे बताया कि विज्ञापन शूट हो चुका है, तो उसका चेहरा उतर गया। सत्यजित राय वहीं बैठे हुए थे। तब तक उन्हें भी अंदाजा हो गया था कि संदीप नाराज है। अचानक वे बोले, 'यदि संदीप को उचित नहीं लगता होगा तो हम अभी भी उन्हें मना कर सकते हैं।' विजया जी हक्का-बक्का रह गईं। इतना कुछ होने के बाद अब उन्हें कैसे 'मना' किया जा सकेगा? उसमें क्या हुआ? अब मुझे लगता है कि इस विज्ञापन को स्वीकार कर मैंने गलती की है। मैंने पैसों को कभी भी बहुत महत्त्व नहीं दिया है। उनसे कह दो, मुझे यह स्वीकार नहीं है। उनसे यह भी कह दो कि काठमांडू आने-जाने और रहने का हमारा खर्च हम ही करेंगे।

## लेटर टू एडिटर

### जीवन बचाएं

**अगर** सभी प्रकार की दुर्घटनाओं की जानकारी एक ही स्थान या स्रोत से मिल जाए तो बहुत सारी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। लेखक ने सड़क दुर्घटनाओं, उद्योगों, खानों, खेत-खलिहान, प्लांटेशन, निर्माण कार्य, सफाई कार्य आदि में होने वाली दुर्घटनाओं का वर्णन करते हुए सुझाव दिया है कि अगर समय रहते सावधानी बरती जाए।

**- शिवशंकर उरांव, गुमला**

### जीवन से खिलवाड़

**दवाइयां** मरीजों की प्राण रक्षा के लिए बनती हैं। मगर आज मरीज नकली और अमानक दवाओं के मकड़जाल के बाजार में उलझा हुआ है। हिमाचल के दवा उद्योगों में बनी 20 दवाओं में कमियां पाई गई हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रक संगठन द्वारा जारी मार्च के ड्रग अलर्ट में देशभर के विभिन्न राज्यों में 59 दवाओं को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया है।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## स्पीड न्यूज

### मतदान को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता



**रजरप्पा।** झारखंड स्टेट लाइवली हूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा लारीकलां आजीविका महिला संकुल संगठन मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत लारीकलां में मेहंदी प्रतियोगिता हुआ, जिसमें सभी समूह की दीदी लोग अपने-अपने हाथ में मेंहदी लगाकर मतदाता को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें जिला सौरभ प्रसाद एवं बीपीएम अंजना सिंह, सीसी बिरजू मुंडा, आईपीआरपी गीता देवी, जेंडर सीआरपी पुष्पा कुमारी रूबी कुमारी सहित समूह दीदी माधुरी देवी, बबीता देवी, कुसुमा कुमारी, गीता देवी, सोनी देवी, निर्मला देवी, जगदम्बा देवी, सारथी देवी आदि सदस्य उपस्थित थे।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार की शाम वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस क्षेत्र के जितने भी वरिष्ठ नागरिक हैं, वे सभी महीना में दो बार बैठक करेंगे। कहा गया की मंच का उद्देश्य सभी वरिष्ठ नागरिक को एकजुट करते हुए एक मंच पर लाना है। ताकि एक-दूसरे का दुख सुख का भागीदार बना जा सके। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ के दुख को सुनने वाला कोई नहीं हैं। इस क्षेत्र में जितने भी वरिष्ठ नागरिक हैं सब को एक मंच पर लाकर समस्याओं का समाधान व दुख बांटने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर अशोक कुमार चौहान, परमजीत सिंह धामी, केपी मुखर्जी, प्रवीण शर्मा, रणविजय सिंह, रामजन्म सिंह, सुबोध सिन्हा, सुबोध सहाय, बृजलाल सिन्हा, अशोक शर्मा, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### यज्ञ में बह रही है भक्ति की बयार



**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ बोंगावार में तीसरे दिन रविवार को कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराये गये। इस दौरान यज्ञाचार्य मनोज पांडेय के देख रेख में उनके सहयोगी आचार्य धीरज कुमार पांडेय, अजीत तिवारी, मनीष पांडेय, रजनीश पांडेय, अतुल कुमार पांडेय अमित पाण्डेय, मौसम पांडेय अभिषेक पांडेय, मोदी, आशीष पांडेय ने यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सह पत्नीक के हांथों विधिवत कई अनुष्ठान को संपन्न कराया। पंडितों ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रातः काल में वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, हवन, अन्ना धिवास, फलाधिवास, पुष्पा धिवास, संध्या आरती, पुष्पांजलि, भोग निवेदन आदि अनुष्ठान को कराया गया।

### उलगुलान रैली में शामिल हुए कांग्रेसी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रांची में आयोजित इंडिया गठबंधन कि उलगुलान न्याय महारैली में पतरातू प्रखंड से सैंकड़ों कार्यकर्ता हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल एवं विधायक अंबा प्रसाद निर्देश पर रवाना हुए। इस दौरान कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में अनिल सिंह, बबीता सिंह, मो. क्युम अंसारी, प्रदीप साहू सहित सैकडों कार्यकर्ता रविवार को रांची में आयोजित इंडिया गठबंधन कि उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इधर झामुमो नेता बिरेंद्र यादव के नेतृत्व में कुरसे व बलकुदरा से सैंकड़ो झामुमो कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन कि उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने के लिए रांची रवाना हुए।

### शुभम और आयुष को मिला ब्लैक बेल्ट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कराटे फेडरेशन ऑफ शोतोकान इंडिया सह मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रविवार को पतरातु रसदा निवासी शुभम पाठक एवं पीटीपीएस निवासी आयुष घोष को ब्लैक बेल्ट सोदान फर्स्ट डॉन की उपाधि से नवाजा गया। दोनों कराटेकारों को यह उपाधि हैदराबाद के सिहान जीके गणेश, प्रेसिडेंट केएफएस के द्वारा दिया गया है। ज्ञात हो को ये दोनो सेंसी विकास पाठक ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन के पास पिछले 7 साल से मार्शल आर्ट्स कराटे सीख रहे हैं। इधर रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में एक दिवसीय मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला के लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। शिविर में संस्था के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक और महिला प्रशिक्षिका सुमित्रा ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन के द्वारा काता, कुमिते फाईट और किहोंन का प्रशिक्षण दिया गया। सीनियर ब्लैक बेल्ट और ब्राउन बेल्ट कराटेकारो को लाठी, डंडे डबल नांन चाकू, तलवार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

# रामनरेश यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर शरबत वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनरेश यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग के प्राचार्य डा.अरविंद कुमार यादव ने शरबत वितरण किया। झील परिसर स्थित प्रेस क्लब हजारीबाग के सहयोग से मुख्यद्वार के निकट रविवार को शरबत वितरण सेवा के अलावा नेशनल जर्नल इडुनिक बुलेटिन का विमोचन भी किया गया।

शरबत वितरण पितामह रामनरेश यादव स्मृति कोष, जौनपुर उत्तर प्रदेश से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. गजेन्द्र सिंह, प्रो. मृत्यंजय सिंह, शिक्षक शिक्षाविद् सह झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति

## नेशनल जर्नल इडुनिक बुलेटिन का हुआ विमोचन



के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि निशांत यदूवेन्द्र, प्रो. सत्यप्रकाश सिंह, प्रो. चेतलाल प्रसाद, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. परीक्षित लायक, प्रेस क्लब हजारीबाग के उपाध्यक्ष अभय सिंह कोषाध्यक्ष डॉ. अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य बबलू कुमार, प्रमोद खंडेलवाल, संगीत प्राध्यापक अशोक कुमार सिन्हा, आकाशवाणी के सूरज कुमार आदि ने ₹इडुनिक बुलेटिन₹ का विमोचन किया। मौके पर संत जेवियर्स स्कूल सातवीं के छात्र आयुष्मान पाठक और विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के छात्र सह रामनरेश यादव के प्रपौत्र अनमोल कुमार ने शरबत वितरण सेवा में भरपूर सहयोग किया। मौके पर रामावतार रविदास, छोट्टीलाल प्रसाद, गुलशन कुमार, विनोद सिंह, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, संदीप कुमार सिन्हा, विकास कुमार, नंदकिशोर आदि के सहयोग से सैकड़ों लोगों को भीषण गर्मी में शरबत सेवा से राहत पहुंचाई गई। इस दौरान सांस्कृतिक विकास केंद्र की बच्चियों ने इतनी शक्ति हमें देता...सुर बिखेर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्राचार्य ने अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की और रामनरेश यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने कहा कि आज दादाजी की प्रेरणा से वह इस मुकाम पर हैं। अतिथियों ने उनकी भावनाओं को सलाम किया और सामाजिक सेवा कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर आभार जताया।

# जी का जंजाल बना है बरही में ट्रैफिक जाम

## कई घंटों जाम रहता है चौक, गर्मी में जनता को हो रही है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही को राष्ट्रीय चौराहा कहा जाता है लेकिन यह राष्ट्रीय चौराहा ट्रैफिक जाम से जूझ रहा है। यहां की ट्रैफिक व्यवस्था काफी स्लो है, जो लोगों के जी का जंजाल बनी हुई है। पुलिस प्रशासन की भी सारी नीतियां फेल हो चुकी हैं। आर्थिक राजधानी कही जाने वाला बरही की सड़कों पर वाहनों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण लोगों को ट्रैफिक का भी सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय चौराहा होने के कारण एम्बुलेंस, वीआईपी, वीवीआइपी लोगों का भी आवागमन इसी रास्ते से होता है बावजूद इसके जाम की स्थिति से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। जाम में घंटों तक फंसे लोग न केवल परेशान होते हैं, बल्कि उन्हें अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने में भी देरी होती है। जाम में फंसे लोगों के समय और वाहन के ईंधन दोनों की बबार्दी होती है। इसके अलावा बढ़ते वाहनों की संख्या के चलते प्रदूषण भी बढ़ रहा है। प्रचंड गर्मी में घण्टों घण्टा बरही चौक पर लग रहे जाम से यात्री परेशान नजर आ रहे है और कोई दूसरे रास्ता को तलाश रहे है।

### मजदूरों की समस्याओं का होगा हल : रघुनंदन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन के महामंत्री एवं जेबीसीसीआई 11 के सदस्य सह स्टैंडर्ड स्टेजेशन कमेटी के टेक्निकल सब कमेटी सदस्य राघवन रघुनंदन एवं सहायक मंत्री चंदेश्वर सिंह का बरका-सयाल क्षेत्र में संगठनात्मक समीक्षा को ले आगमन हुआ। बैठक में दर्जनों मजदूरों ने अपनी समस्याओं से राघवन रघुनंदन को अवगत कराया। कहा गया कि कैटगिरी वन मजदूर जिससे प्रबंधन डम्पर, डोजर, ड्रिल, शॉवेल मशीन आदि चलवाता है तथा प्रबंधन के द्वारा कई कैडर को समाप्त कर दिया गया है। रघुनंदन ने कहा कि अगली टेक्निकल सब कमेटी में उपरोक्त बातों को रखकर इसका समाधान निकालने का प्रयास किया जायेगा। रघुनंदन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में परिवार के सभी सदस्यों के साथ मतदान में भाग लें।

# बहुत कम समय में रामगढ़ वासियों के दिलों में आशीष गंगवार ने बनायी जगह

**रामगढ़।** रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार ने डीसी चंदन कुमार की तरह रामगढ़ वासियों के दिलों में बहुत ही कम समय में विशेष जगह बना लिया है। वे 2021 बैच के आईएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व उनकी पोस्टिंग एसडीओ के रूप में पलामू जिले में हुई थी। वहां भी अपने कार्यों की बदौलत उन्होंने लोगो के दिल में स्थान बना लिया था। इस बार रामनवमी जुलूस के दौरान रामगढ़ में एसडीओ द्वारा की गई विधि व्यवस्था की जिलेवासी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले के जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा जुलूस में खलल पैदा किया जाता था। लेकिन इस बार एसडीओ आशीष गंगवार के कड़े रवैये के कारण असामाजिक तत्व रामनवमी के जुलूस से दूर रहे। क्योंकि उन्हें यह भय सता रहा था कि कहीं हम एसडीओ के हाथ चढ़ गए तो हमपर कार्रवाई हो सकती है। एसडीओ के कार्य की जिले के अच्छे लोग तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि हमारे जिले को ऐसे अधिकारी की जरूरत थी। वहीं, असामाजिक किस्म के लोग इनके भय से इधर उधर भागने लगे हैं।

## 2021 बैच के आइएस अधिकारी हैं रामगढ़ एसडीओ गंगवार



**जनता की सेवा है लक्ष्य :** 30 वर्षीय युवा एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि लोगों की सेवा मेरा लक्ष्य है और मैं इसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में प्रशासन पूरी तरह से चौकस है और जो भी आचार संहिता का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगे उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### अखाड़ा की घटना से नयानगर कॉलोनी के लोग आहतः अमित



**बरकाकाना।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार ने कहा कि रामनवमी के दौरान दुर्गा मंडप नयानगर बरकाकाना में अखाड़ा संचालन के दौरान घटित हुए घटनाक्रम से समस्त नयानगर कॉलोनी वासी आहत हैं। उन्होंने कहा कि जन्म एवं कर्म से इस क्षेत्र के निवासी होने के नाते वह महसूस कर रहे हैं कि 17 अप्रैल को अखाड़ा संचालन कार्यक्रम के दौरान जो कुछ भी घटनाक्रम विधायक अंबा प्रसाद के साथ आए कुछ कार्यकर्ताओं एवं अखाड़ा समिति के कुछ सदस्यों के बीच घटित हुआ तथा उस घटना के उपरांत जिस तरह की गुटबंदी एवं राजनीति का दौर लगातार चल रहा है वह नयानगर कॉलोनी वासियों के लिये अत्यंत ही दुःख का विषय है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से नयानगर कॉलोनी की छवि धूमिल हो रही है। साथ ही यहां के संस्थापक एवं अभिभावक गण जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से रामनवमी महोत्सव की शुरूआत यहां की थी उनके हृदय को भी चोट पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि 42-43 सालों से यह महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है।

# श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ में कई अनुष्ठान

▸▸ मंडप की परिक्रमा व भागवत कथा सुनने के लिए उमड़ी भीड़





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन रविार को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंडप देवता पूजन, नगर भ्रमण व वेदी पूजन आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। वहीं महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को मटकोर, शिव-पार्वती विवाह, चौथे दिन मंगलवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश, और पांचवे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी। वहीं गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। इधर यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सैंकड़ो महिला-पुरूष व बच्चों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रात्रि में भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें कथा वाचक संतोष जी महाराज के अमृत वाणी की वर्षा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों ने डुबकी लगाई। श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी सहित कई श्रद्धालु जुटे हैं।

## एक नजर में

### झारखंड पेंशनर्स सह बुद्धिजीवी मंच ने रविन्द्र कुमार गुप्ता के निधन पर जताया शोक



**बरही।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच का बैठक हुई स्व रवीन्द्र गुप्ता के आवास पर हुई। इस बैठक की अध्यक्षता ईशो सिंह एंव संचालन महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया। इसके अलावा मंच के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से स्व रविन्द्र कुमार ग्रुप्ता के असमायिक मृत्यु होने के पश्चात एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इनके मृत्यु पर सभी सदस्यों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं ईश्वर से प्रार्थना किया गया उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिजन को इस दुख के घड़ी में दुख सहने की क्षमता प्रदान करे। बताया कि स्व रविन्द्र गुप्ता के मौत से मंच ने एक सक्रिय सदस्य खो दिया। इस दुख के घड़ी में उनके परिजनों के साथ मंच के सभी सदस्य साथ रहेगे। साथ ही साथ मंच के सदस्य के निधन से एक सच्ची एंव कर्मठशील साथी खो दिए। सभी सदस्यों ने उनके सुपुत्र अमित जायसवाल एवं भाई ओम प्रकाश गुप्ता को सान्तवना प्रदान किया गया। बैठक में मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे, संरक्षक कामता प्रसाद, रामचंद्र पांडेय, कामेश्वर सिंह, राम प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, कैलाशपति सिंह सहित मंच के सदस्य उपस्थित हुए।

### कंटेनर ने तीन लोगों को रौंदा, एक रांची रेफर

**चरही।** थाना क्षेत्र के 15 माइल एनएच-33 के किनारे दूध से लदा कंटेनर ने बैक करने के क्रम में दीवार को तोड़ते हुए होटल में घुस गया। सोए हुए तीन लोगों को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार दूध से भरे कंटेनर नंबर पीबी 11सीएम/1122 रांची से पटना की ओर जा रही थी।रात होने के क्रम में 15 माइल रॉयल होटल के पास चालक ने वाहन को खड़ी कर सो गया। अहले सुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो गंतव्य स्थान की ओर जाने के लिए वाहन को बाइक करने लगा।इसी क्रम में होटल के दीवार को तोड़ते हुए सोए हुए तीन लोगों को अपने चपेट में ले लिया।चालक दूध से भरे कंटेनर को छोड़कर भाग निकला।इस क्रम में तीन लोग आरिश रजा,रोहित कुमार और फैजन घायल हो गए।दो लोग स्थानीय अस्पताल में इलाज कराकर वापस घर लौट गए।जबकि गंभीर रूप से घायल आरिश रजा को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया पुलिस को जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर कंटेनर को कब्जे में ले लिया।

### प्रशासन को ओमप्रकाश मेहता ने दी बधाई

**इचाक।** हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के साथ इचाक प्रखंड में शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिले के डीसी-एसपी सहित सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत इचाक के थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों को सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने बधाई दी है। श्री मेहता ने कहा कि पदाधिकारियो के साथ जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी राम भक्तों को जिस प्रकार जुलूस में शामिल होकर उत्साह को बढ़ाया, मीडिया के साथियों ने हजारीबाग के इंटरनेशनल रामनवमी को प्राथमिकता के साथ कवरेज दिया। लोगो को साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने में पूरा साथ दिया। इसके लिए सभी बधाई पात्र हैं। चूंकि सभी के सहयोग से हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के साथ-साथ इचाक प्रखंड में भी शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व संपन्न हुई।

### पत्रकार के मां की श्राद्ध में शामिल हुये कई लोग

**चरही।** चरही के एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार आनंद सोरेन की मां कमलपति टुडू का निधन विगत 5 मार्च को हो गई थी। शनिवार देर शाम को आदिवासी रीति-रिवाज के साथ उसकी श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही उनके तस्वीर पर लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागू बेसरा,केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, मन्नू टुडू, गणेश मांझी,पूर्व मुखिया महादेव सोरेन,महालाल हंसदा, शिक्षक मनोज हंसदा, पूर्व मुखिया बबली पीटर होरो,परमेश्वर महतो,सहित कई गण्यमान व्यक्ति औरग्रामीण उपस्थित थे।

### आम बागवानी में आग लगने से झुलसा पेड़

**टाटीझरिया।** प्रखंड के भराजो पंचायत के अमनारी में संचालित मनरेगा योजना के तहत धानेश्वर पासवन और मंजु देवी के आम बागवनी में आग लगने से पेड झुलस गया है और उसमें लगे फल भी झुलस गया है। यह आम बागवनी 2021-22 वर्ष से संचालित था। धानेश्वर पासवन ने बताया कि अपने आम बागवनी में प्रतिदिन जा कर देखभाल करता था उसी प्रकार शनिवार को भी शाम में घर गया और रविवार को सुबह आने पर देखा कि आग लगकर सभी पेड झुलस गया है और उसमें लगे फल भी झुलस कर गिरा हुआ है। लाभुक के द्वारा तुरंत मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय को सुचना दिया। मुखिया प्रतिनिधि ने पहुंच कर देखा कि सभी आग से पेड झुलस गया है। मुखिया प्रतिनिधि द्वारा इसकी सुचना रोजगार सेवक,बीपीओ एवं बीडीओ को बताया।


### रामनवमी को ले वारसी ने प्रशासन को दी बधाई



**बरही।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने अनुमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा रात और दिन के कड़ी परिश्रम के बाद ऐतिहासिक मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर प्रशासन व पुलिस प्रशासन कि सराहना करते हुए बधाई के पात्र बताया है। अब्दुल मनान वारसी ने बयान जारी कर कहा है कि बरही व जिले का अंतरराष्ट्रीय रामनवमी सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति द्वारा विशेष तैयारी की गई थी, वहीं दुसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है जो काबिल ए तारीफ है, उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### वाहन ने बाइक को कुचला, महिला की मौत

**रामगढ़।** चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने एक बाइक को कुचल दिया। रविवार को हुए इस हादसे में बाइक पर सवार पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक वर्षीय बच्चा विशांक बाल बाल बच्चा है। लेकिन उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र के बजरा मरार निवासी खिरोधर महतो अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 01 ईएल 9478 से अपनी बेटी को लेने के लिए उसके ससुराल रामगढ़ के बुढ़ाखुखरा महादेवटांड़ पहुंचे थे। बेटी और अपने एक वर्षीय नाती को लेकर अपने घर के लिए निकले। इसी बीच चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस घटना में 19 वर्ष प्रिया कुमारी पति चैलेंजर कुमार की मौत मौके पर यहां हो गई। जबकि खिरोधर महतो गंभीर रूप से घायल हो गए।



# आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी

विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

हम न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।



धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पेट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है।

बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# वास्तु शास्त्र से प्रभावित मिट्टी जल और भवन

हवा, सूर्य का प्रकाश, धरती, बीज वही रहते हैं पर फसल नहीं उगती।

वातावरण और भूमि की स्थिति, उसकी किस्म का प्रभाव फसल पर पड़ता है। भारतीय वास्तु शास्त्र के अनुसार भूमिखंड व उसकी दिशाओं आदि का प्रभाव भी कृषि पर पड़ता है। किसी भूखंड के आग्ेय कोण पर लगाया गया नारियल का वृक्ष सूख जायेगा। नारियल के वृक्ष को आग्ेय कोण में लगा देने से वह सूख जायेगा, फल नहीं देगा, फलों की उत्पत्ति होगी भी तो उनके गुणों पर प्रभाव पड़ेगा, ठंडापन कम हो जायेगा, फल का आकार छोटा हो जायेगा। नारियल एक जलीय वनस्पति है यह ईशान कोण में ही उचित रूप से फलेगा और फूलेगा और उसकी गुणवत्ता भी उत्तम प्रकृति की होगी।

## मिट्टी भूमि और फसल

आधुनिक विज्ञान की खोज भूमि, मिट्टी एवं फसलों के बारे में आधुनिक विज्ञान के अंतर्गत कई तरह के खोज किए गए हैं। लेकिन उनका प्रयोग लाभदायक है या हानिकारक, ये ज्ञान हमारे किसान भाईयों के मस्तिक में है। भले ही वे वास्तु सूत्रों या सिध्दांतों के बारे में कुछ भी ज्ञान न रखते हों, यह उनका अपना व्यावहारिक अनुभव है जो मिट्टी एवं उसकी प्रकृति व गुणों से संबंधित है। अतः इस अनुभव को वास्तुसम्मत ही समझें। वैसे वास्तु का प्राचीन वर्गीकरण निम्लिखित हैः

**ब्राह्मणी मिट्टी** : सभी प्रकार के सात्विक गुणों वाली वनस्पति अन्न कंद या मूल के लिये ब्राह्मणी मिट्टी उपयुक्त है। सात्विक अन्न, वनस्पति, कंदमूल इत्यादि वे हैं, जिन्हें खाने से मन मस्तिष्क एवं हृदय को शांति व शक्ति मिलती है।

**क्षेत्रीय मिट्टी** : ऐसे अन्न या वनस्पति इत्यादि जो स्फूर्ति, ऊर्जा, क्रियाशीलता उत्पन्न करते हैं। क्षेत्रीय मिट्टी उत्तम परिणाम एवं गुणों को उत्पन्न करते हैं।

**वैश्या मिट्टी** : ऐसे अन्न, कंद, मूल एवं वनस्पति जो चर्बी बढ़ाते हैं और शरीर में स्थूलता, मन में आलस्य करते हैं, वैश्या मिट्टी में अधिक जीवन शक्ति और गुणवत्ता से उन्नति करते हैं।

**शुद्र मिट्टी** : जिन वनस्पतियों से कड़वाहट, अत्यधिक गर्मी, प्रमाद, मादकता, जड़ता उन्नति होती है।

## फसलों का दिशाओं हेतु चुनाव

■ **नैॠत्य कोण में** : भारी बड़े फल या दाने वाले, गूढ़ बलदायक गुण वाले।

■ **वायव्य कोण में** : लंबे कद, लंबाकार दानों, या फलों, पतले तने वाले वायवीय गुणों वाले अनाज और फल।

■ **आग्ेय कोण में** : गर्म, तीखे कम जल वाले तीक्ष्ण, कटु जठराग्ि को प्रदीप्त करने वाले मिर्च, अदरक आदि।

■ **ईशान कोण में** : जलीय गुणों वाले रसदार फल आदि।



## अनुकूल मौसम

अक्सर देखा गया है कि फसल में गुण मौसम के प्रतिकूल होते हैं। इसका मतलब यह है कि गर्म मौसम में ठंडे और ठंडे मौसम में गर्म गुण वाली फसल होती है। वैसे भी जाड़े में इसकी नामिक की क्रिया तेज होती है और इसमें से ऊर्जा का विकिरण अधिक होता है। गर्मी में इसका ठीक उल्टा होता है। समुद्र के किनारें बड़ी नदियों के तट पर बरसात के मौसम में जलीय गुणों से युक्त पौधे, फल या वनस्पति उत्पन्न होते हैं। पठार, शुष्क प्रदेश, कम ऊर्जावाले क्षेत्रों में जलीय तत्व नहीं होते हैं। जहां वर्षा अधिक होती है, जलस्रोत का प्रभाव होता है, समुद्री किनारा होता है या भूमि की ही स्थिति उस क्षेत्र में जलीय होती है।

**विशेष** : बांस, बेंत, घास इत्यादि ऐसी वनस्पतियां जिनमें आग लग सकती है आगेय कोण में लगायें। इसे वायव्य कोण में कभी न लगायें। हवा का झोंका रगड़ उत्पन्न कर अग्ि पैदा कर सकता है।

■ कैले जलीय तने वाले वृक्ष एवं धान जैसे पौधे ऐसी भूमि पर लगायें जो फलीय हों।

■ जिस भूमि में तीन फुट नीचे बालू की अधिक मात्रा हो वहां वृक्ष न लगायें ऐसी कोई फसल न उगायें जिसकी जड़ें गहरी हों नहीं तो फसल सूखेगी।

■ जिस भूमि के नीचे 3 इंच के बाद पानी हो या बालू हो, वहां भी बड़े वृक्ष न लगायें। यहां केला तो लगाया जा सकता है पर कटहल, आम, लीची एक निश्चित अवधि के बाद सूख जायेंगे।

■ एक विचित्र अनता सरकारी वृक्षारोपण में देखी गई है। बीच में सागवान या कीमती वृक्ष का पौधा लगाकर उसके चारों ओर बबूल के पेड़ लगा देते हैं सुरक्षा के लिये यह उपाय नायाब है। मगर यह किसी की समझ में नहीं आता कि बबूल की जड़ की गर्मी वह बेचारा नन्हा पौधा कैसे सह पायेगा? मृत हो जायेगा

## जलस्रोत

सिंचाई के लिये जल नलकूप ईशान कोण में लगवाना चाहिए। लोहे के पाइप उत्तम होते हैं। यदि मोटर पम्प यहां कोई चैकोर या वृताकार गड्ढा बनाकर लगाया जाये वो बेहतर है।

# अब हर दिन पृथ्वी को बचाने की बात हो

**योगेश कुमार गोयल**

तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों के कारण आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की भयावह समस्या से त्रस्त है। इसीलिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने तथा पृथ्वी को बचाने के संकल्प के साथ प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्वभर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर हम वाकई चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा।

ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा। लोगों को पर्यावरण एवं पृथ्वी संरक्षण के लिए जागरूक करने के लिए साल में केवल एक दिन अर्थात 22 अप्रैल को ह्यपृथ्वी दिवसह्ल मनाने की औपचारिकता निभाने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर हम वास्तव में पृथ्वी को खुशहाल देखना चाहते हैं तो यही ह्यपृथ्वी दिवसह्ल प्रतिदिन मनाए जाने की आवश्यकता है।

हालांकि पृथ्वी दिवस को मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि धरती की सुरक्षा के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। हमें बखूबी समझ लेना होगा कि अगर पृथ्वी का तापमान साल दर साल इसी प्रकार बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा।

प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के अनुसार पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है और वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड मौजूद है, जिसकी जलवायु परिवर्तन में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

पृथ्वी पर बढ़ते दबाव का एक महत्वपूर्ण कारण बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि भी है। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर करीब 7.8 अरब हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसीलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण की सेहत पर जो प्रहार हो रहा है, उसी का परिणाम है कि धरती अब धधक रही है।

> सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर करीब 7.8 अरब हो चुकी है। धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसीलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण की सेहत पर जो प्रहार हो रहा है, उसी का परिणाम है कि धरती अब धधक रही है।भारत के कई हिस्सों में इस साल जिस प्रकार मार्च महीने में ही बढ़ते पारे का प्रकोप देखा गया, वह जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, वहीं अब मार्च महीने में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है। 2016 में राजस्थान के फलौदी का तापमान तो 51 डिग्री दर्ज किया गया था और इस तापमान में और वृद्धि की आशंका है।

भारत के कई हिस्सों में इस साल जिस प्रकार मार्च महीने में ही बढ़ते पारे का प्रकोप देखा गया, वह जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, वहीं अब मार्च महीने में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है। 2016 में राजस्थान के फलौदी का तापमान तो 51 डिग्री दर्ज किया गया था और इस तापमान में और वृद्धि की आशंका है।

प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनियां देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम नहीं समझना चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम कंक्रीट के जो जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

यदि हम चाहते हैं कि हम धरती मां के कर्ज को थोड़ा भी उतार सकें तो यह केवल तभी संभव है, जब वह पेड़-पौधों से आच्छादित, जैव विविधता से भरपूर तथा प्रदूषण से सर्वथा मुक्त हो और हम चाहें तो सामूहिक रूप से यह सब करना इतना मुश्किल भी नहीं है। बहरहाल, यह अब हमें ही तय करना है कि हम किस युग में जीना चाहते हैं? एक ऐसे युग में, जहां सांस लेने के लिए प्रदूषित वायु होगी और पीने के लिए प्रदूषित और रसायनयुक्त पानी तथा ढ़ेर सारी खतरनाक बीमारियों की सौगात या फिर ऐसे युग में, जहां हम स्वच्छंद रूप से शुद्ध हवा और शुद्ध पानी का आनंद लेकर एक स्वस्थ एवं सुखी जीवन का आनंद ले सकें।



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की सभी कोषांगों की समीक्षा, दिए कई आवश्यक निर्देश

# मतदान दिवस के दिन बूथ में नींबू पानी, शेड की व्यवस्था करें: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित चुनावी तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी , क्लस्टरों में रहने की व्यवस्था, शौचालय, बिजली ,पानी इत्यादि की व्यवस्था से संबंधित भी समीक्षा की। उपायुक्त ने एक एक कर सभी मतदान केंद्रों में एएफएम की व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में शौचालय एवं पानी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने सभी क्लस्टरों में शौचालय एवं स्नान घर का व्यवस्था करने का निर्देश दिया ताकि किसी भी मतदान कर्मी को रहने में दिक्कत न हो। उपायुक्त ने महिला क्लस्टर्स में भी समुचित व्यवस्था का खासा ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के रहने की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। मतदान दिवस के दिन गर्मी होने की स्थिति को देखते हुए उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में नींबू पानी की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया ताकि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में राहत मिले। साथ ही उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्रों के बाहर 15-15 फिट के शेड भी बनाने की बात कही ताकि किसी भी मतदाता को धूप में खड़े रहने की आवश्यकता ना पड़े। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में पानी का एक्स्ट्रा टैंकर रिजर्व में रखने को कहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों अंर्तगत रिलोकेटेड बूथों,



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी

दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए होने वाले गाड़ी की व्यवस्था संबंधित भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने 85+ आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने हेतु प्रपत्र 12 डी की प्राप्ति से संबंधित भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मतदाताओं से जाकर मिलते हुए पोस्टल बैलेट मतदान करने वाले मतदाताओं की सूची से मिलान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने नामांकन कोषांग, मुख्य निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, आचार संहिता कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, ईवीएम कोषांग, आय व्यय कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, एकल खिड़की कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, सामग्री कोषांग, मतपत्र कोषांग, डाक मतपत्र कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, डाटा प्रबंधन कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग वेलफेयर कोषांग, डेस बोर्ड कोषांग आदि कोषांगों अंतर्गत हुए कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक,सिविल सर्जन गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, डीसीएलआर गुमला,जिला योजना पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला प्रभारी नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### कोरोना जैसे विपरित परिस्थिति में भी

## मोदी जी ने देश को टूटने नहीं दिया: समीर उरांव



दौरे के क्रम में ग्रामीणों के साथ भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने रविवार को सिसई प्रखंड के कई गांवों का तुफानी दौरा कर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान वे सिसई प्रखंड के छारदा, भूरसो, बोडो, पुसो, लरंगो, शिवनाथपुर व घाघरा गांव पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बैठक कर केंद्र में एक बार मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री उरांव ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कोरोना जैसे विपरित परिस्थिति में देश को टूटने नहीं दिया। मुफ्त में वैक्सीन लोगों तक पहुंचाया। श्री उरांव ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समाज को सम्मान देने का काम किया है जो अब तक किसी सरकार ने नहीं किया था। उन्होंने कहा कि लोहररगा लोक सभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास करना है तो तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। तो हमें एकजूट होकर विकसित भारत के लिए मतदान करने की आवश्यकता है। देश में पहला ऐसा सरकार आया है जिन्होंने सीधा गांवों में बैठी महिलाओं से बात कर उनकी चिंता की।

### नहाने के क्रम में कोयल नदी में डूबने से 10वीं के छात्र की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के भक्सो कोयल नदी में डूबने से 10 वी क्लास के छात्र की हुई मौत। शव खोजने में लगे दो घंटे से अधिक। जानकारी अनुसार किस्को थाना क्षेत्र के नारी नवाडीही निवासी भीम साहू के 16 वर्षीय पुत्र देवांश कुमार रविवार को किसको मोड़ ट्यूशन पढ़ने आया था जिसके बाद अपने कुछ दोस्तो के साथ कोयल नदी में नहाने चला गया। इस क्रम में पानी में जाते ही देवांश कुमार डूबता चला गया उसके दोस्तो ने प्रयास किया लेकिन गहराई अधिक होने के कारण उसे डूबने से नहीं बचा सके जिसके बाद इसकी सदर थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस और लोहरदगा मत्स्य समिति के लोगो ने लगभग दो घंटे के मशक्कत के बाद 19 फिट गहरे पानी से युवक को झागर से बाहर निकाला जिसके बाद तुरंत उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से छात्र के परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है।

## सूर्य की प्रचंड तपीश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लू चलने से घरों में दुबके लोग

### ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** सूर्य की प्रचंड तपीश ने चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के लोगों का जीना दूभर कर दिया है। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी व लू चलने से दिनभर लोग घरों में सिमट जाने को विवश रहे। प्रचंड गर्मी के कारण प्रखंड के सभी सड़कों पर दोपहर बाद सन्नाटा पसरा रहा।

इधर प्रचंड गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। अधिकतर चापाकल और सोलर जलमीनार हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। दूसरी तरफ बिजली की आंख मिचौली कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। सैकड़ों चापानल मरम्मत के अभाव में खुद प्यासा होकर उपस्थित ही दर्ज कराते नजर आती है। नदी, नाला, तालाब पानी के बगैर है। एकाध तालाबों में यदि पानी है तो तालाब में नहाने, कपड़े साफ करने यहां तक कि पशुओं को भी उसी में नहलाया जाता है। इतना ही नहीं उसी दूषित जल का सेवन भी ग्रामीण करने के लिए मजबूर हैं।

**अधिकतर चापाकल व सोलर जलमीनार है खराब**



प्रचंड गर्मी के बीच चैनपुर मुख्य मार्ग पर पसरा सन्नाटा

दूषित जल के सेवन से ग्रामीण विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। बावजूद ग्रामीण अभाव में दूषित पानी उपयोग करने को बाध्य हैं। शुद्ध पेयजल आपूर्ति की बात करना ही बेईमानी हो गयी है। वहीं दूसरी ओर मौसम के बदलाव से ग्रामीण मौसमी बीमारी से घिरते जा रहे है।

इस क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में के उप स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर ताला लटका देखा जा सकता है। ग्रामीण इलाज के लिए झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। बावजूद स्वास्थ्य विभाग पहल नहीं कर रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्रों को करोड़ों खर्च कर बनवाया गया है। लेकिन केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मी नदारद रहने के कारण अक्सर ताला लटका रहता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए चापानल, जल मीनार व ग्रामीण इलाकों में स्थित बंद उपस्वास्थ्य केंद्रों को अविलंब चालू कराया जाय। ताकि चैनपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को गर्मी की बढ़ती तपिश में आसानी से शुद्ध पेयजल सहित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

## जेएससीए अंडर –16 क्रिकेट टूनार्मेंट में रांची ने गढ़वा को नौ विकेट से पराजित किया

### बेहतरीन गेंदबाजी कर पांच विकेट लेने वाले काजी मोहम्मद प्लेयर ऑफ द मैच बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर -16 बॉयज क्रिकेट टूनार्मेंट में रविवार को आसान मुकाबले में रांची ने गढ़वा को नौ विकेट से पराजित किया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट में गढ़वा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पारी की शुरूआत के साथ टीम संकट में दिखी। गढ़वा की पूरी टीम 37.2 ओवरों में महज 81 रनों




मैन ऑफ द मैच को पुरस्कृत करते अतिथि

पर ही सिमट गयी। टीम की ओर से थोड़ा संघर्ष करते अंश प्रताप ने 26 व अरबाज खान ने 20 रनों का योगदान दिया। रांची के गेंदबाज काजी मोहम्मद ने 10 ओवर में 17 रन देकर पांच विकेट चटकाया।

### सड़क पर गिरे युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के बंगरू के समीप लोगों ने एक युवक को सड़क पर घायल अवस्था में गिरा पड़ा देखा। जिसकी सूचना लोगों ने पालकोट थाना पुलिस को दी। पुलिस घायल को उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट पहुंचाई। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल एंबुलेंस लाया गया। वही युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। उसके सर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन अज्ञात होने के कारण उसका इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है।

## जल, जंगल, जमीन का संरक्षण भाजपा सरकार ही कर सकती है: सधनू भगत



बैठक में मौजूद लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विनय उरांव की अध्यक्षता में भंडरा के चट्टीग्राम में अनुसूचित जनजातियों के कार्यकताओं के साथ बैठक किया गया। इसमें प्रखंड के सभी पंचायत के मोर्चा सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रुप से भाजपा के पूर्व विधायक सह मंत्री सधनू भगत, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रखंड महामंत्री पुना उरांव उपस्थित हुए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जारी व भीखमपुर जंगल में शरारती तत्वों ने लगाया आग



जंगल में लगा आग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** जारी प्रखंड के भीखमपुर व जारी के जंगलों में असामाजिक तत्वों के द्वारा दो-तीन दिन पूर्व आग लगा दिया गया। आग लगने से जंगल को भारी नुकसान पहुंचा है। अभी तक इस बात की जानकारी वन विभाग को नहीं लगी है। बताया जाता है कि पेड़ की सुखी पत्तियां जो नीचे गिरी हुई थी। उसमें आग लगा दिया गया है। जिसके बाद आग ने पूरे जंगल को अपने लपेटे में लेना शुरू कर दिया। जिसे जंगल में औषधीय पेड़ पौधे जड़ी बूटी के अलावा विलुप्त जीव जंतु को भारी नुकसान पहुंचा है। आग लगने से जंगल लगभग 30% जलकर राख हो चुका है। वहीं आग तेजी से जंगल के अन्य हिस्सों तक पहुंच रही है।

## करंट की चपेट में आने से बच्चा गंभीर रूप से घायल

### बिजली तार हटाने की गुहार मुहल्ले वासी लगाते रहे हैं लेकिन विभाग नहीं देता है ध्यान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शहर के हुसैन नगर में कई घरों के छतों के ऊपर से गुजरे ग्यारह हजार करंट प्रवाहित तार अक्सर मौत को दावत दे रही है। तार के डर के कारण लोग अपनी छतों पर नहीं जाते है। अगर कोई चला जाय तो उसके साथ किसी हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। ताजा घटना एक 9 साल के बच्चे राशिद खान के साथ घटी है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल में डॉक्टरो की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश है। लोग विभाग के प्रति बड़े आंदोलन किये जाने का रणनीति बना रहे है। लोगो ने बताया कि हुसैन नगर में आये दिन 11 हजार करंट प्रवाहित तार



घायल बच्चा

की चपेट में आने से हादसे होते रहते है। लोगो ने बताया कि राशिद के साथ जिस स्थान पर घटना घटी है ठीक उसी जगह पर सामने वाले घर में एक साल पूर्व एक और घटना घटी थी। यहां एक साल पूर्व एक 10 वर्षीय मासूम बच्ची आईसा निहार की भी तार की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। इसके बाद बिजली विभाग के प्रति लोगो का गुस्सा फूट पड़ा था। लोगो ने तार हटाने की मांग को लेकर विभाग का घेराव भी किया था। तार हटाने के लिए विभाग को डीसी का निर्देश भी प्राप्त हुआ था। मगर उन इलाकों से आज तक न ही तार हटा और न ही आईसा के परिवार को किसी प्रकार का मदद मिल सका। राशिद के साथ घटी घटना के बावत परिजनों ने बताया कि घर पर 24 अप्रैल को राशिद के मामा लाल मिस्त्री का विवाह कार्यकम है। राशिद उड़ीसा राज्य का रहने वाला है और वह अपने माता पिता के साथ एक सप्ताह पूर्व शादी समारोह में शिरकत करने के लिए हुसैन नगर स्थित मामा के घर आया हुआ था। शनिवार की शाम राशिद कई बच्चो के साथ घर के छत पर खेलने गया हुआ था। तभी इसी बीच छत पर खेलने के दौरान राशिद को उपर से गुजरे 11 हजार करंट प्रवाहित तार अपने चपेट में ले लिया।

### एक नजर में

## बच्ची की जीवन रक्षा के लिए दो लोगों ने किया रक्तदान

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के तत्वाधान में रविंद्र गिरी और मेहराज अंसारी ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर सदर असपताल में इलाजरत बच्ची की जान बचायी। मारवाड़ी युवा मंच के मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने कहा कि रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए। जिससे कि हीमोग्लोबिन और हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है और सभी व्यक्ति को जीवन में रक्तदान करना चाहिए। इससे आप अपने व्यक्तित्व जीवन में अच्छा महसूस करते हैं। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल और अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो समुदायों में पूजा पाठ को लेकर विवाद को प्रशासन ने सुलझाया

**लोहरदगा।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति केन्द्रीय महासचिव जालेश्वर उरांव ने अपना ब्यान देते हुये अवगत किया कि लोहरदगा सदर प्रखंड के ग्राम कुजरा उरांव टोली स्थित मड़ई को लेकर दो समुदायों में पूजा पाठ को लेकर प्रशासन द्वारा विवाद को सुलझाया गया। ज्ञात है कि जिस मड़ई को लेकर विवाद हो रहा है। आदिवासी धर्म संस्कृति से जुड़ा मामला है। मानक पुस्तक उरांव रिलिजन एण्ड कस्टम के आधार पर निराकार एवं बिना आकृति का पूजा पाठ करने की पद्धति है। जिस मड़ई में सात प्रतीक रखा गया है। आदिवासी संस्कृति के अनुसार सभी देवी देवता गांव के बाहर अलग अलग जगहों में गांव के बाहर अपने सिमांन में स्थापित है जैसे सरना स्थल, दरहा -देशवली, हरियरी,खरीयानी, कदलेटा, चण्डी, अखड़ा इत्यादि। सभी देवताओं को अलग अलग जगहों पर जाकर पूजा करने न जाना पड़े इसके लिए गांव के भुईहर खुटकटी जो गांव बसाया जो गांव के महतो,पहान, पूजार होते हैं, सुविधा के लिए शताब्दियों से गांव के बीच में सभी देवी देवताओं को गांव के नजदीक स्थापित कर गांव के पाहन द्वारा ही पूजा जाता रहा है। मान्यता है कि छेड़ छाड़ करने से गांव अशांत हो जाती है। व्यक्तिगत रूप से पूजे जाने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है, परन्तु किसी समुदाय विशेष के पुरोहित के अगुवाई में पूजा जाना आदिवासी धर्म संस्कृति के विरुद्ध है। समय के नजाकत को समझते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन द्वारा मामले को विशेष समुदाय को सुझाव देकर शांत किया गया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, लोहरदगा अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, एसआई गौतम कुमार व बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

## भंडरा में तापमान 38 के पार, गर्मी से लोग परेशान

**भंडरा।** प्रखंड में इन दिनों तापमान बढ़ने से लोग गर्मी से परेशान हो रहे हैं शादी विवाह के मौके पर बढ़ी तापमान से लोगों को काफी परेशान उठानी पड़ रही है तापमान 38 डिग्री के पार चली गई है दिन भर तेज हवा चल रही है जिसके कारण जीव जंतु पशु पक्षी के साथ मनुष्य भी परेशानी का सामना कर रहे हैं। बढ़ी हुई तापमान से कई लोग लू लगने से बीमार हो रहे हैं। डॉक्टर एवं प्रैक्टिसनरों के पास लू लगने की शिकायत लेकर कई लोग इलाज हेतु आ रहे हैं। बढ़ी हुई तापमान से परेशान लोग गर्मी से बचने का उपाय कर रहे हैं. ठंडा पेय , सतु,पंखा ,कूलर ,फ्रिज की मांग बढ़ गई है। खीरा ,ककड़ी, तरबूज,निबू सहित अन्य फलों का प्रयोग लोग ज्यादा कर रहे हैं। नींबू की मांग बढ़ गई है ।फल एवम नींबू का कीमत भी बड़ा हुआ है । बढ़ती गर्मी के कारण 9 बजे से ही तेज धूप पढ़ने लगा है. तेज धूप के कारण लोग 9 बजे के बाद घरों से निकलना नहीं चाह रहे हैं. दोपहर का समय चौक चौराहे बाजार सड़क गली में सन्नाटा पसरा रहता है .शाम के समय तीन चार बजे के बाद लोग घरों से निकल रहे हैं .इसके बाद चौक चौराहा या बाजार में लोगों की आवागमन हो रही है । मौसम विभाग के अनुसार अभी एक सप्ताह गर्म हवा चलने की सूचना दी गई है। जिसके कारण फिलहाल गर्मी से लोगों को राहत मिलने की संभावना नहीं दिख रही है।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मिनी मैराथन का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** लोकसभा आम चुनाव को लेकर स्वीप गतिविधि अंतर्गत आज रन फॉर वोटिंग अवेयरनेस (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा,नगर प्रशासक जयपाल सिंह,जिला कृषि पदाधिकारी सहित कई अधिकारी और बड़े संख्या में लोगो ने भाग लिया। दौड़ की शुरूआत समाहरणालय मैदान से प्रारंभ हुआ जो कचहरी मोड़, ब्लॉक मोड़, पावरगंज, बगडू मोड़, भट्ठी ढलान, वीर शिवाजी चौक, पावरगंज चौक, बाबा मठ, मैना बगीचा होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में पहुंचकर संपन्न हुआ।इस मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी लोगो को डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शपथ दिलाया। मौके पर डीडीसी ने कहा की यह आयोजन शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता को लेकर किया गया ।आगामी 13 मई को लोहरदगा लोकसभा में मतदान होना है ऐसे में कोई भी व्यक्ति उस दिन अपने मत देने से नहीं चूके इसी को लेकर मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगो से अपील की है की लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में अपने वोट का जरूर प्रयोग करे और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाए।प्रतियोगिता में विजेता लोगो को प्रमाण पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत भी किया गया।

## शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती को शादी का प्रलोभन देकर कोटाम निवासी अफसर अंसारी ने दुष्कर्म किया। यह घटना करीब 4 वर्ष पूर्व की है। उस समय लड़की की उम्र 15 साल थी। इसके बाद युवक लगातार उसके साथ मौका पाकर दुष्कर्म करता रहा। जब भी लड़की शादी के लिए बोलती लड़का कोई ना कोई बहाना करके टालता रहा। इस चार साल के दौरान युवक ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। जब लड़की 19 साल की हो गई और इस बात की जानकारी दोनों के घर वालों को लगी तब युवक पर शादी के लिए दबाव बनाया गया। युवक भी शादी के लिए टालमटोल करता रहा। शुक्रवार की रात लगभग 11:00 बजे लड़की युवक से फोन पर बात कर रही थी।

वहीं शादी को लेकर दबाव भी डाल रही थी। तभी लड़का अपनी मां को कॉन्फ्रेंस में लिया इसके बाद युवक व उसकी मां के द्वारा बोला गया कि अब तुमसे शादी नहीं की जाएगी। इस पर लड़की रोने लगी और कहा की तुमने मेरे जिंदगी बर्बाद कर दी। मुझसे शादी का वादा करके अब मुकर कर रहा है। इसके बाद लड़की फोन के लाइन में रहते हुए घर में रखे कीड़ा मारने वाला जहर का सेवन कर लिया और लड़का से बोली कि मैंने जहर खा लिया है। इसके बाद युवक इस बात की जानकारी लड़की के भाई को फोन पर दिया। इसके बाद तत्काल रात के 12:00 बजे युवती को सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। लेकिन परिजन व्यवस्था नहीं होने के कारण सुबह उसे रिम्स ले जाना चाह रहे थे। वही सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। वही मामले को लेकर लड़की और उसके परिजन थाना में केस दर्ज करने की बात कह रहे हैं।



# रोमांचक मुकाबले में एक रन से हारा बेंगलुरु

## कोलकाता ने दर्ज की अपनी सबसे कम अंतर से जीत, आरसीबी की सातवीं हार



एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने सांसों को रोक देने वाले रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया। केकेआर की आईपीएल इतिहास की यह सबसे कम अंतर से जीत है, वहीं आरसीबी को भी इससे पहले कभी इतने अंतर से हार का सामना नहीं करना पड़ा था। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु की टीम बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद 20 ओवर में 221 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### आरसीबी के लिए बेहद कठिन हुई प्लेऑफ की डगर

आरसीबी के लिए अब आगे की राह बेहद कठिन हो गई है। आरसीबी के लिए यह सीजन किसी बुरे सपने की तरह रहा है। टीम ने आठ में से सिर्फ एक ही मैच जीता है और उसे सात मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। आरसीबी के लिए अब सभी मुकाबले करो या मरो की तरह हो गए हैं। हालांकि अब सभी मैच जीतने के बावजूद यह जरूरी नहीं रहेगा कि टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर ही लेगी। आरसीबी की टीम तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर मौजूद है, जबकि केकेआर सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### केकेआर की सबसे छोटी जीत

केकेआर ने इस रोमांचक मैच को एक रन से जीता जो उसकी आईपीएल इतिहास की सबसे छोटी जीत है। इससे पहले उसने आरसीबी के खिलाफ ही शारजाह में 2014 में खेले गए मैच में दो रन से जीत दर्ज की थी जो उसकी सबसे कम अंतर से जीत थी, लेकिन टीम ने आरसीबी के खिलाफ ही अपने इस रिकॉर्ड को तोड़ा। वहीं, आरसीबी ने भी एक उपलब्धि अपने नाम की। आरसीबी टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑलआउट होने वाली टीम बन गई है। यह 13वीं बार है जब भारत में किसी टीम ने एक रन से जीत हासिल की है, लेकिन 200 से अधिक रनों के लक्ष्य में यह पहली बार हुआ है।

### जैक्स और पाटीदार ने खेली तूफानी पारी

खराब शुरूआत के बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाने शुरू किए और केकेआर के हर गेंदबाज को विकेट के लिए तरसा दिया। जैक्स और पाटीदार ने तीसरे विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी की। इसी दौरान विल जैक्स ने आईपीएल करियर का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। जैक्स का आईपीएल में यह तीसरा ही मुकाबला था, जबकि इस सीजन अब तक खामोश रहा पाटीदार का बल्ला भी जमकर बोला और उन्होंने भी अर्धशतक जड़ा।

### श्रेयस अय्यर ने लगाया इस सीजन का पहला पचासा

अच्छी शुरूआत के बाद मिले झटकों से केकेआर को श्रेयस अय्यर ने संभाला। उन्होंने रिंकू सिंह के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी की। लगातार झटके लगने से केकेआर की रन गति पर भी प्रभाव पड़ा। जहां टीम ने पावरप्ले में 12.50 के रन रेट से रन बनाए, वहीं मध्य ओवरों में उनका रन रेट 8.22 पहुंच गया। श्रेयस अय्यर ने इस दौरान धीमी बल्लेबाजी की, लेकिन बीच-बीच में हाथ खोले।

### कोलकाता 222/6 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट कै. पाटीदार बो. सिराज | 48 | 14 | 07 | 03 |
| नरेन कै. कोहली बो. यश दयाल | 10 | 15 | 02 | 00 |
| रघुवंशी कै. ग्रीन बो. यश दयाल | 03 | 04 | 00 | 00 |
| वेंकटेश कै. लोमरोर बो. ग्रीन | 16 | 08 | 03 | 00 |
| श्रेयस कै. डु प्लेसिस बो. ग्रीन | 50 | 36 | 07 | 01 |
| रिंकू कै. दयाल बो. फर्ग्यूसन | 24 | 16 | 02 | 01 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 27 | 20 | 04 | 00 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 09 | 02 | 02 |

**अतिरिक्त** :20

**विकेट पतन** : 56-1, 66-2, 75-3, 97-4, 137-5, 179-6.

**गेंदबाज** : मोहम्मद सिराज : 4-0-40-1, यश दयाल : 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्यूसन : 4-0-47-1, कर्ण शर्मा : 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन : 4-0-35-2.

### बेंगलुरु 221/10 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| कोहली कॉट एंड बोल्ड राणा | 18 | 07 | 01 | 02 |
| डु प्लेसिस कै. वेंकटेश बो. वरुण | 07 | 07 | 01 | 00 |
| जैक्स कै. रघुवंशी बो. रसेल | 55 | 32 | 04 | 05 |
| पाटीदार कै. राणा बो. रसेल | 52 | 23 | 03 | 05 |
| ग्रीन कै. रमनदीप बो. नरेन | 06 | 04 | 00 | 01 |
| प्रभुदेसाई कै. रघुवंशी बो. राणा | 24 | 18 | 03 | 00 |
| लोमरोर कॉट एंड बोल्ड नरेन | 04 | 03 | 01 | 00 |
| कार्तिक कै. साल्ट बो. रसेल | 25 | 18 | 03 | 01 |
| कर्ण कॉट एंड बोल्ड स्टार्क | 20 | 07 | 00 | 03 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |
| फर्ग्यूसन रन आउट | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :09

**विकेट पतन** : 27-1, 35-2, 137-3, 138-4, 151-5, 155-6, 187-7, 202-8, 220-9, 221-10.

**विकेट पतन** : हर्षित राणा : 4-0-33-2, मिचेल स्टार्क : 3-0-55-1, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-36-1, सुनील नरेन : 4-0-34-2, सुयश शर्मा : 2-0-33-0, आंद्रे रसेल : 3-0-25-3.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 07 | 06 | 01 | 00 | 12 | +0.667 |
| कोलकाता | 07 | 05 | 02 | 00 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 07 | 05 | 02 | 00 | 10 | +0.914 |
| चेन्नई | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.529 |
| लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.123 |
| गुजरात | 08 | 04 | 04 | 00 | 08 | -1.055 |
| मुंबई | 07 | 03 | 04 | 00 | 06 | -0.133 |
| दिल्ली | 08 | 03 | 05 | 00 | 06 | -0.477 |
| पंजाब | 08 | 02 | 06 | 00 | 04 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 08 | 01 | 07 | 00 | 02 | -1.046 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 379 |
| हेड | हैदराबाद | 324 |
| रियान | राजस्थान | 318 |
| गिल | गुजरात | 298 |
| रोहित | मुंबई | 297 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 13 |
| हर्षल | पंजाब | 13 |
| चहल | राजस्थान | 12 |
| कोएट्जे | मुंबई | 12 |
| करन | पंजाब | 11 |

## मुंबई की निगाहें रॉयल्स से बदला चुकता करने पर

**जयपुर।** मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां आइपीएल मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठायी और तीन विकेट झटके। भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने नई गेंद से चमकदार प्रदर्शन किया और ज्यादा रन लुटाये बिना ही ये विकेट हासिल किए। बुमराह 13 विकेट लेकर इस आइपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं।

## पाकिस्तान को लगा झटका, आजम टी20 सीरीज से बाहर

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज आजम खान दाहिनी पिंडली की मांसपेशियों में चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि आजम को स्कैन में पिंडली की मांसपेशियों में चोट के बाद 10 दिन के आराम की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि आजम को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बल्लेबाजी अभ्यास के दौरान चोट का एहसास हुआ। आजम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पीसीबी मेडिकल पैनल चिकित्सीय देखरेख में रहेंगे। आइसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरीज से चूकना आजम के लिए एक बड़ा झटका है, जो आगामी आइसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए पाकिस्तान की टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का पहला टी-20 मैच बारिश से धुल गया था।

## अलीरेजा को हराकर गुकेश इतिहास रचने के करीब

**टोरंटो, कनाडा।** फीडे कैंडिडैट शतरंज के अंतिम राउंड के ठीक पहले भारत के 17 वर्षीय डी गुकेश एकल बढ़त बनाते हुए इतिहास रचने के बेहद करीब पहुँच गए है और अगर अंतिम राउंड में गुकेश जीत दर्ज करते है तो वह विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर बनने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन जायेंगे। गुकेश नें 13वें राउंड में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को एक बेहद रोमांचक मुकाबले में पराजित करते हुए 8.5 अंको के साथ सबसे आगे निकल गए है। सफेद मोहरो से खेल रहे गुकेश नें राय लोपेज ओपनिंग में अलीरेजा को 63 चालों में पराजित किया। अन्य मुकाबलों में रूस के यान नेपोमनिशी और यूएसए के हिकारु नाकामुरा के बीच बाजी बेनतीजा रही तो यूएसए के फबियानों करूआना नें भारत के आर प्रज्ञानन्दा को पराजित करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के विदित गुजराती और अजरबैजान के निजत अबासोव के बीच बाजी बेनतीजा रही। अंतिम 14वे राउंड के पहले भारत के डी गुकेश 8.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर है और उनके पीछे नाकामुरा, नेपोमनिशी और करूआना 8 अंक बनाकर खेल रहे है और जब अंतिम राउंड में गुकेश का सामना नाकामुरा से और नेपोमनिशी का सामना करूआना से होगा तब रोमांच चरम पर होगा, गुकेश को खिताब जीतने के लिए मुकाबला जीतना होगा और ड्रॉ होने पर उन्हे टाईब्रेक खेलना पड़ सकता है।

# गुजरात ने पंजाब के मुंह से छीनी जीत, तीन विकेट से हराया

एजेंसी

**मुल्लांपुर।** आर साईं किशोर (33 रन देकर चार विकेट) की अगुवाई में गुजरात टाइटंस के स्पिनर्स ने पहले तो पंजाब किंग्स को सिर्फ 142 रन पर ऑलआउट कर दिया और फिर राहुल तेवतिया (18 गेंद में नाबाद 36 रन) के शानदार फिनिशिंग टच के बूते तीन विकेट से मैदान मार लिया। अपने होम ग्राउंड महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की नई पिच पर पंजाब किंग्स का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला पूरी तरह उल्टा साबित हो गया। अब आठ मैच में छह हार और दो जीत के साथ पंजाब का आत्मविश्वास पूरी तरह डिगा हुआ है, टीम पॉइंट्स टेबल पर सिर्फ आरसीबी से ही ऊपर है जबकि गुजरात टाइटंस को इस जीत से ऑक्सीजन मिला होगा। टीम अब आठ मैच में चौथी जीत के साथ आठवें से छठे नंबर पर पहुंच गई है।

### तेवतिया ने दिलाई गुजरात को सीजन की चौथी जीत

पंजाब द्वारा दिए गए 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरूआत अच्छी हुई थी। ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी हुई। अर्शदीप सिंह ने टीम को पहला झटका दिया। उन्होंने साहा को आउट किया। वह 13 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, गिल 35 रन बनाकर लौटे। इस मैच में साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। वहीं, डेविड मिलर चार, अजमतुल्लाह उमरजई 13, शाहरुख खान तीन रन बनाकर आउट हुए। साई किशोर बिना खाता खोले नाबाद रहे। पंजाब के लिए हर्षल पटेल ने तीन और लियाम लिविंगस्टोन ने दो विकेट चटकाए। वहीं, अर्शदीप सिंह और सैम करन को एक-एक विकेट मिला।

### साईं सुदर्शन की कातिलाना गेंदबाजी

बाएं हाथ के स्पिनर साईं किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। साईं किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया, जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाए। साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। इस सीजन में पंजाब के लिए मैच विनिंग प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी आज सस्ते में सुदर्शन के शिकार हुए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया इससे पहले वह और खतरनाक साबित होते साईं किशोर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर उन्हें भी चलता कर दिया।

### फ्लॉप साबित हुआ पंजाब का बल्लेबाजी क्रम

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। टीम 20 ओवर में 142 रन पर ऑलआउट हो गई। पंजाब का बल्लेबाजी क्रम इस मैच में फ्लॉप साबित हुआ। प्रभसिमरन सिंह और हरप्रीत बराड़ के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। दोनों ने क्रमशः 35 और 29 रन बनाए। वहीं, सैम करन 20, राइली रूसो नौ, जितेश शर्मा 13, लियाम लिविंगस्टोन छह, शशांक सिंह आठ, आशुतोष शर्मा तीन, हरप्रीत सिंह 14, हर्षल पटेल शून्य और कगिसो रबाडा एक (नाबाद) रन बनाए। गुजरात के लिए साई किशोर ने चार विकेट लिए। वहीं, मोहित शर्मा और नूर अहमद को दो-दो विकेट मिले जबकि राशिद खान को एक सफलता मिली।







### पंजाब 142/10 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| करन एलबीडब्ल्यू राशिद खान | 20 | 19 | 02 | 00 |
| प्रभसिमरन कै. साहा बो. मोहित | 35 | 21 | 03 | 03 |
| रूसो एलबीडब्ल्यू नूर अहमद | 09 | 07 | 02 | 00 |
| जितेश बोल्ड साई किशोर | 13 | 12 | 00 | 01 |
| लिविंगस्टन कै. तेवतिया बो. नूर | 06 | 09 | 01 | 00 |
| शशांक कॉट एंड बो. साई | 08 | 12 | 00 | 00 |
| आशुतोष कै. मोहित बो. साई | 03 | 08 | 00 | 00 |
| हरप्रीत सिंह रन आउट | 14 | 19 | 00 | 00 |
| ब्रार कै. शाहरुख बो. साई | 29 | 12 | 04 | 01 |
| हर्षल कै. शाहरुख बो. मोहित | 00 | 01 | 00 | 00 |
| कगिसो रबाडा नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :04

**विकेट पतन** : 52-1, 63-2, 67-3, 78-4, 86-5, 92-6, 99-7, 139-8, 140-9 , 142-10.

**गेंदबाज** : अजमतुल्लाह ओमरजाई : 2-0-13-0, संदीप वॉरियर : 1-0-21-0, मोहित शर्मा : 4-0-32-2, राशिद खान : 4-0-15-1, नूर अहमद : 4-0-20-2, साई किशोर : 4-0-33-4, शाहरुख खान : 1-0 7-0.

### गुजरात 146/7 (19.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साहा कै. शर्मा बो. अर्शदीप | 13 | 11 | 01 | 00 |
| गिल कै. रबाडा बो. लिविंगस्टन | 35 | 29 | 05 | 00 |
| साई सुदर्शन बो. सैम करन | 31 | 34 | 03 | 00 |
| मिलर बो. लिविंगस्टन | 04 | 06 | 00 | 00 |
| ओमरजाई कै. जितेश बो. हर्षल | 13 | 10 | 00 | 01 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 36 | 18 | 07 | 00 |
| शाहरुख बो. हर्षल पटेल | 08 | 04 | 00 | 01 |
| राशिद कै. रूसो बो. हर्षल | 03 | 03 | 00 | 00 |
| साई किशोर नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :03

**विकेट पतन** : 66-1, 77-2, 97-3, 103-4, 138-5, 142-6 .

**विकेट पतन** : कगिसो रबाडा : 4-0-40-0, अर्शदीप सिंह : 2.1-0-17-1, हर्षल पटेल : 3-0-15-3, सैम करन : 2-0-18-1, हरप्रीत ब्रार : 4-0-35-0, लियाम लिविंगस्टन : 4-0-19-2.

# पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन, हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया।

### शीर्ष-22 टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी

इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वलीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।

### वैकल्पिक रूप से दूरी तय करते हैं एथलीट

मिक्स्ड टीम रिले पैदल चाल में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला 10-10 किमी चलते हैं। हर चरण के शुरू होने से पहले 20 किलोमीटर चेंजओवर के लिए होते हैं। इटली की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान और स्पेन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### ओलंपिक में डेब्यू करेगा पैदल चाल में मिक्स्ड रिले इवेंट

पैदल चाल वर्ग में मैराथन मिक्स्ड रिले इवेंट पेरिस ओलंपिक में डेब्यू करेगा। यह इवेंट रिले प्रारूप में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होगा। भारतीय एथलीटों की नजरें पेरिस ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक जीते थे।

## अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी: विनेश

**बिश्केश।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी। इस 29 साल की पहलवान ने कहा, मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है।

## धर्मशाला में देश का पहला एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच वाला स्टेडियम होगा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने में हमेशा सबसे आगे रहा है। राज्य में क्रिकेट के प्रबंधन निकाय एचपीसीए ने हाल ही में अपनी अभ्यास सुविधाओं में एसआईएसग्रास हाइब्रिड पिच टेक्नोलॉजी पेश करने के लिए एक रोमांचक पहल की है।यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि अभ्यास पिचें उच्चतम गुणवत्ता वाली हों क्योंकि पारंपरिक पिचें कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं झेल सकतीं और जल्दी ही खराब हो जाती हैं जिससे खिलाड़ियों के लिए अभ्यास के बेशकीमती अवसर सीमित हो जाते हैं। एसआईएसग्रास, नीदरलैंड स्थित एसआईएस पिचेज समूह की कंपनियों का अंग है और धर्मशाला के खूबसूरत एचपीसीए स्टेडियम में पहली बार हाइब्रिड पिच इंस्टॉलेशन में अपने क्रांतिकारी निवेश के साथ भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अधिक टिकाऊ, सुसंगत और उच्च प्रदर्शन वाली खेल की पिच प्रदान कर इस खेल के अनुभव में आमूल परिवर्तन लाएगी।

## ग्रीको रोमन पहलवान नहीं मिला ओलंपिक का टिकट

**बिश्केक।** भारत के छह ग्रीको रोमन पहलवानों का रविवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन, पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। आज यहां चार भारतीय पहलवान विकास, सुनील कुमार, नितेश और नवीन को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, सुमित और आशु क्वालिफिकेशन राउंड में ही टूनार्मेंट से बाहर हो गए।

## कुशारे ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता।

स्पीड न्यूज

## शैलेन्द्र सिंह आजसू के केन्द्रीय सचिव मनोनीत

**गढ़वा।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गढ़वा निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह छोटन को पार्टी का केन्द्रीय सचिव मनोनीत किया है। जिस पर गढ़वा जिला प्रभारी सह पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि छोटन को केन्द्रीय सचिव बनाये जाने से गढ़वा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। लगातार गढ़वा जिला में मिलन समारोह में अन्य दलों को छोड़कर आजसू पार्टी मे शामिल होने की प्रक्रिया तेज हो गई है। बधाई देने वालों मे गढ़वा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, केन्द्रीय सचिव शंकर विश्वकर्मा, डॉ अफजल अंसारी, दशरथ चौधरी, संतोष केशरी, रबिन्द्र नाथ ठाकुर, डॉ इस्तयाक राजा, जय राम पासवान, चम्पा देवी, महिला जिलाध्यक्ष रीता देवी, पूजा शर्मा, विकास चन्द्रवंशी आदि का नाम शामिल है।

## बस की चपेट में आने से मौत

**रमना।** बंशीधर नगर भाया गढ़वा मुख्य मार्ग पर रमना-डंडई मोड़ के समीप बस के चपेट में आने से रमना निवासी मानिकचंद ठाकुर 55 वर्ष की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ करते हुए उसमें आग लगा दी। हालांकि बस में लगी आग को थोड़ी देर में ही बुझा दिया गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रमना थाना प्रभारी अशफाक आलम ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को दी। जिसके बाद घटनास्थल को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया। जानकारी के अनुसार लगन के कारण घटनास्थल पर सड़क पूरी तरह जाम हो गया था। इसी दौरान सड़क पार कर रहे मानिकचंद ठाकुर बस की चपेट में आ गया।

## नदी किनारे झाड़ी से भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में धनौती नदी के किनारे से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली और देशी चुलाई शराब जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देख कारोबारी मौके से फरार हो गये। थानाध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि धनौती नदी के किनारे भारी मात्रा में शराब रखा हुआ है, जिसे कारोबारी बेचने के फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने छापेमारी की, जहां कुछ लोग पुलिस को देखते ही फरार हो गए। तलाशी के दौरान नदी के किनारे झाड़ी में और नदी में शराब छुपाया गया था। 30 कार्टन नेपाली कस्तूरी और 62 लीटर देशी चुलाई शराब जब्त हुआ है। थानाध्यक्ष ने मामले में एफआईआर दर्ज किया है, जिसमे रघुनाथपुर के शराब कारोबारी अमीर सहनी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। कारोबारी को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी है।

## जैन धर्म के 24वें तीर्थकर महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**अररिया।** जैन धर्म के 24वे तीर्थकर अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर स्वामीजी की 2623वीं जयंती पर रविवार को सकल जैन समाज एवं मारवाड़ी संप्रदाय के सभी अनुयायिओं ने शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए स्थानीय समता भवन पहुंची। स्थानीय जैन तेरापंथ समाज, जैन श्वेतांबर साधु मार्गी समाज ,दिगंबर जैन समाज, तथा श्री पारसनाथ श्वेतांबर मंदिर मार्गी समाज की संयुक्त रूप से एक विशाल एवं आकर्षक शोभा यात्रा प्रभात फेरी के रूप में निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में जैन धर्म के अनुयाई शामिल थे ।जुलूस में महिलाएं पुरुष युवक युवतियां अपने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए । प्रभात फेरी में भगवान महावीर के जीवन आदर्शो एवं सिद्धांतों से सुसज्जित जीवंत झांकियों की प्रस्तुति छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दी गई जो महावीर स्वामी की जीवनी को दर्शा रहे थे। महावीर स्वामी का जयकारा करते हुए तेरापंथ भवन से शुरू हुई जो सिद्ध सागर भवन से होती हुई समता भवन तक पहुंची।

# बिहार अब बदल चुका है, एनडीए सभी सीटें जीतेगा : नीतीश

### जंगल राज में तो केवल हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा के दूसरे चरण की पांच सीटों पर होने जा रहे चुनाव को लेकर एनडीए ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को भाजपा नेता अमित शाह के साथ कटिहार में मंच साझा करते हुए नीतीश कुमार ने लालू राबड़ी राज पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने लालू-राबड़ी के राज को जंगल रार करार देते हुए करते हुए कहा कि उस समय केबल हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। उस दौर को हमलोगों ने तो बिल्कुल ही खत्म कर दिया। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 40 में से 40 सीट हमलोग जीतेंगे। देशभर में चार सौ से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और देश और तेजी से आगे बढ़ेगा और जब देश आगे बढ़ेगा तो बिहार भी उसी तेजी से आगे बढ़ता जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 40 में से 40 सीट हमलोग जीतेंगे। देशभर में चार सौ से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और देश और तेजी से आगे बढ़ेगा और जब देश आगे बढ़ेगा तो बिहार भी उसी तेजी से आगे बढ़ता जाएगा।

मुस्लिमों के लिए आये अच्छे दिन

सीएम नीतीश ने कहा कि पहले जो लोग थे वो कोई काम कर रहे थे। यहां मुस्लिम लोगों के लिए भी पहले कहां कुछ करते थे। उन्होंने कहा



कि लोग भाजपा के बारे में कुछ कुछ बोलते रहते थे, लेकिन जब हमलोग साथ आ गए तो कहां कही बिहार में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता है। पहले हमेशा झगड़ा ही होता रहता था। हम आये तो ये सब बंद हुआ। हिंदू हों, मुस्लिम हों या कोई भी जाति के लोग हों सबके लिए हमलोगों ने काम किया। सबके हित में काम किया। इसलिए सबकी हालत भी अच्छी हुई है।

**बिहार अब बदल चुका है :** चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ आज से संबंध नहीं है, बल्कि जब बीजेपी नामकरण हुआ था उसके पहले भी हम लोग साथ थे। हम तो अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में भी रहे और वे भी कई बार यहां आकर हमको मुख्यमंत्री बनाते रहे, लेकिन यहां पर 2005 से जो हम लोगों ने मिलकर काम किया, तो हम लोगों ने सब चीज को ठीक कर दिया। पहले लोग शाम में घर से नहीं निकलते थे, लेकिन अब कोई दिक्कत है? अब लड़का-लड़की सब रातभर घूमते रहते हैं। हम लोगों ने लोगों के हित में सब काम कराया।

**बिहार में सबके लिए काम हुआ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों के पढ़ने के लिए काम हुआ। अब लड़कियां कितनी बड़ी संख्या में पढ़ाई कर रही हैं। महिलाओं को हम लोगों ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव में पचास फीसदी आरक्षण दिया। अब कितनी बड़ी संख्या में महिलाएं आगे आ रही हैं। पुलिस की नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देने का काम किया। इसके बाद सभी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम हो या महिला हों सभी के लिए हम लोगों ने काम किया। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हित में काम होता है। बिहार के लिए मदद कर रहे हैं।

## भगवान महावीर की जयंती समारोह आयोजित



एजेंसी

**सहरसा।** सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा के स्मार्ट क्लास में प्राचीन इतिहास विभाग एवं इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। इस समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह ने की वही कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ विभूति भूषण ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ सिंह ने भगवान महावीर एवं जैन धर्म से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान एवं दर्शन पर अपना विचार व्यक्त किया। डॉ सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा की सत्य अहिंसा शांति के मार्ग पर चलने और वर्तमान समय में उनको याद करते हुए उनके विचार को अपने आचरण में उतरना चाहिए। डॉ अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि अहिंसा, शांति, सत्य हर युग में हर परिस्थिति में अपनाने योग्य है। डॉ अनुज ने महावीर स्वामी को एक समाज सुधारक कहीं। कार्यक्रम के समापन में डॉ विभूति भूषण ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा की कुरीतियों से समाज को बाहर निकालने के लिए जैन धर्म की उत्पत्ति हुई।

## जेल में बाहुबली अनंत सिंह की बिगड़ी तबीयत

### किडनी में समस्या आने पर पटना के अस्पताल में हुए भर्ती

एजेंसी

**पटना।** एक तरफ जहां लोकसभा चुनाव का रण शुरू हो चुका है और बिहार का सियासी पारा भी चरम पर चढ़ता दिख रहा है तो वहीं दूसरी ओर मोकामा के पूर्व विधायक बाहुबली अनंत सिंह की तबीयत जेल में खराब हो गयी. जिसके बाद उन्हें पटना के आइजीआइएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनंत सिंह को किडनी से संबंधित समस्या आयी है। डॉक्टरों ने उनकी जांच की है और उनका इलाज किया जा रहा है।

**जेल में बिगड़ी अनंत सिंह की तबीयत :** बाहुबली और मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह की जेल में अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें आइजीआइएमएस में भर्ती कराया गया। यहां आने के बाद डॉक्टरों ने जांच किया तो पेट व किडनी संबंधित बीमारी पायी गयी। इसके बाद उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं संस्थान के डॉक्टरों का कहा कि तीन दिन पहले विधायक अनंत सिंह की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें संस्थान में लाया गया, जांच में किडनी की परेशानी मिली।



**डॉक्टर ने बतायी समस्या..**

डॉक्टर ने अनंत सिंह के सेहत से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि उनका क्रियेटिनिन लेवल भी बढ़ गया है। दवा आदि से इलाज चल रहा है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि तीन दिन के अंदर उनके इलाज में काफी सुधार आया है। फिलहाल वह आइजीआइएमएस के प्राइवेट वार्ड के डीलक्स रूम नंबर 51 में भर्ती हैं, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

**मुंगेर में इस बार एनडीए को अनंत का समर्थन :** गौरतलब है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी अब एनडीए के साथ हैं।

हाल में ही जब बिहार में सियासी उलटफेर हुआ तो नीलम देवी राजद का दामन छोड़कर एनडीए के साथ शामिल हो गयीं। वहीं मुंगेर लोकसभा सीट पर इस बार अनंत सिंह ने एनडीए के प्रत्याशी ललन सिंह को अपना समर्थन दिया है। ललन सिंह के नामांकन में लोगों को आमंत्रित करते हुए अनंत सिंह के पोस्टर भी लगाए गए थे।

वहीं पिछले लोकसभा चुनाव में जहां अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी ने एनडीए उम्मीदवार ललन सिंह के खिलाफ ताल ठोका था तो वहीं इस चुनाव में नीलम देवी ही ललन सिंह की प्रस्तावक बनीं।

## बाईक के आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के आमर गांव के समीप बैरवदानी कनवाह के समीप दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने के टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान पलामू जिला के कोसियारा गांव निवासी जनेश्वर राम के 35 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार, 22 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी एवं बिहार के नौहट्टा गांव निवासी राजकुमार राम के 28 बच्चे पुत्र मिथुन कुमार के रूप में हुई। घटना के संबा में घायल मनीष कुमार ने बताया कि मैं अपनी छोटी बहन प्रियंका कुमारी को बीएड का एग्जाम दिलवा कर डाल्टनगंज से अपने गांव कोसियारा जा रहा था। इसी बीच आमर गांव के समीप कनवाह के पास मझिआंव से गढ़वा की ओर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार की मोटरसाइकिल ने अनियंत्रित होकर मेरे मोटरसाइकिल में टकरा गया। जिसमें गिरकर हम सभी लोग घायल हो गए। इसके बाद



मोटरसाइकिल चालक टक्कर मारते हुए फरार हो गया। वहीं दूसरी घटना में कांडी थाना क्षेत्र के चोराटी घाट में एक टेंपो के पलटने से उसपर से गिरे सामान के चपेट में आने से पीछे से जा रहा मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। घायल मोटरसाइकिल चालक की पहचान घोड़दाग गांव निवासी सूर्यदेव राम के लगभग 40 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार रवि के रूप में हुई। घटना के संबा में घायल गुड्डू कुमार रवि ने बताया कि मैं अपने गांव घोड़दाग से अपने साला अक्षय कुमार के साथ एक मोटरसाइकिल से कांडी जा रहा था। चोराटी घाट पर पहुंचते ही आगे से जा रही सामान से लदा टेंपो डिवाइडर से टकराकर पलट गया और उस पर लदा सामान मेरे ऊपर गिरा और मैं घायल हो गया। घायल मनीष कुमार एवं गुड्डू कुमार रवि को एक्स-रे कराने हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिम्मी बनी प्रखंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसमें राजकीय उच्च विद्यालय धुरकी की छात्रा हकीमुद्दीन अंसारी की पुत्री सिम्मी खातून ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टपर बनी। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में 467 अंक प्राप्त किए है। सिम्मी ने हिंदी में 95, अंग्रेजी में 92, गणित में 94, विज्ञान 97, सामाजिक विज्ञान में 89, आईटीएस में 86 अंक प्राप्त किया। वहीं राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुटिया के राजेश बेदिया के पुत्र श्रीराम बेदिया ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विाालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन्हे मैट्रिक में 441 अंक प्राप्त मिला। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय अंबाखोरेया के बसंत ठाकुर की पुत्री रिया कुमारी ने 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विाालय में प्रथम



स्थान प्राप्त किया। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीदीरी के अशोक साह के पुत्र संस्कार कुमार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्हे 460 अंक मिला है। प्रखंड टॉपर सिम्मी खातून ने कहा कि मैट्रिक की रिजल्ट से वे संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा की तैयारी को लेकर प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थी। परिश्रम करने वाले लोगों की कभी हार नही होती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित शिक्षकों व परिजनों को दिया।

## भाजपा नेता ने दिया विद्युत विभाग के विरोध में आंदोलन करने का अल्टीमेटम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र समेत ग्राम पंचायत के गांवों में लचर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर युवा समाजसेवी सह भाजपा नेता मारुति नंदन सोनी ने अपने सहयोगियों के साथ प्रेस के माध्यम से विद्युत विभाग के विरोध में आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया है।

कहा कि मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में सुार नहीं होने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के विरोध में पुरजोर



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते मारुति नंदन सोनी

आंदोलन किया जाएगा। गत 13 अप्रैल को उपायुक्त एवं विद्युत विभाग के विद्युत अधीक्षण अभियंता असगर अली से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति कराए जाने को लेकर अनुरोध किया गया था। उनके द्वारा भरोसा दिलाया गया था कि दो-चार दिन में उत्तर प्रदेश के रिहंद से बिजली के आपूर्ति हर हाल में करा दी जाएगी। लेकिन बिजली की व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका। अब उन पर उग्र आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है। कहा कि क्षेत्र में तापमान बढ़ने से क्षेत्र की जनता बेहाल है। ऐसे में सच कहा जाए तो बिजली विभाग के रवैया के कारण क्षेत्र में बिजली के समस्या लोगों की समस्या और बढ़ा दी है।

जिससे बिजली विभाग के रवैए के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारियो के प्रति काफी नाराजगी देखी जा रही है। व्यवस्था में सुधार के लिए कई बार आवेदन दिया गया है। लेकिन आवेदन का असर अभी तक नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि गढ़वा मुख्यालय शहर में 24 घंटे में लगभग 20 घंटे बिजली के आपूर्ति कराई जा रही है। इसी तरह भवनाथपुर में 24 घंटे के अंदर 16 घंटे बिजली के आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह अन्य प्रखंडों में भी बिजली की स्थिति लगभग ठीक-ठाक है। लेकिन बहुत बड़ी दुर्भाग्य है कि मझिआंव, बरडीहा, एवं कांडी प्रखंडों में बिजली की घोर समस्या है। मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय कमलापुरी, कृष्णानंद मिश्रा, प्रेमानंद त्रिपाठी, डॉ धनंजय सिंह, बृज बिहारी सिंह, विवेक सोनी, पप्पू जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### खबर एक नजर में

## आर्केस्ट्रा ग्रुप में छापेमारी,दो नाबालिग लड़की को कराया गया मुक्त

**पूर्वी चंपारण।** जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित आर्केस्ट्रा के नाम पर नाबालिक लड़कियों को बहला फुसलाकर देह व्यापार कराने की सूचना पर सामाजिक संस्था व मानवाधिकार रक्षक ट्रस्ट संगठन पूर्वी चंपारण के द्वारा रविवार को छापेमारी की गई। जहां से दो नाबालिक लड़कियों को संगठन ने मुक्त कराया है। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने आर्केस्ट्रा से मुक्त कराई गई दोनो लड़कियों को थाना को सौंपा है। साथ ही उन्होंने आवेदन देकर आर्केस्ट्रा संचालक हरसिद्धि के धवही गांव के सुरेश पटेल के पुत्र राजा कुमार पटेल को नामजद अभियुक्त बनाया है। उन्होंने एफआईआर में कहा है कि अवैध रूप से आर्केस्ट्रा के आड़ में नाबालिक लड़कियों से अवैध कार्य कराने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। जहा आर्केस्ट्रा संचालक राजा ने पश्चिम बंगाल से दो नाबालिक लड़की को लाकर अवैध कार्य करा रहा था। उन्होंने बताया कि नाबालिक लड़कियों को मुक्त कराने का कार्य लगातार जारी रहेगा। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि आर्केस्ट्रा संचालक राजा पटेल के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। मुक्त कराई गई लड़की को बालिका गृह में भेजा गया है।

## फारबिसगंज में तेज रफ़्तार बाइक की टक्कर से एक महिला की मौत

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज-जोगबनी रोड में मिथिला पब्लिक स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क क्रॉस कर रही एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज लाया गया,जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। वही, सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अररिया भेज दिया। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामला की तहकीकात कर रही है। मृतक महिला की पहचान फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मटियारी वार्ड संख्या 3 निवासी मो बबलू की पत्नी सकीना खातून रूप में हुई है।

## पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार ने हवाई फिल्ड में सुरक्षा का लिया जायजा

**अररिया।** फारबिसगंज हवाई फील्ड के मैदान में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली चुनावी जनसभा को लेकर पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार रविवार को फारबिसगंज पहुंचे,जहां उन्होंने अररिया एसपी अमित रंजन,फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के साथ हवाई फील्ड मैदान के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी सभा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। डीआईजी ने सभा स्थल के साथ साथ बांस से होने वाले बेरेकेडिंग, डी एरिया के निर्माण,हैलीपेड स्थल का निरीक्षण किया।साथ ही चुनावी सभा में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर आवाजाही के लिए सड़क आदि का भी जायजा लिया।उन्होंने अधिकारियों और आमजनों के आवाजाही के लिए अलग रूट तैयार करने के निर्देश दिए।

## 12 किमी लंबे रोड शो में शामिल हुए मुख्यमंत्री, उमड़ा जनसैलाब, हुई पुष्प-वर्षा

**पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पूर्णिया संसदीय क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा के पक्ष में पोठिया से फलका बाजार तक रोड शो किया। दोपहर बाद 3.30 बजे मुख्यमंत्री मंत्री विजय कुमार चौधरी,राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा,विधान पार्षद ललन सर्राफ के साथ नरहैया स्थित हाई स्कूल मैदान पर निर्मित हेलीपैड पर उतरे। जहां एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला सतबहेरा पहुंचा जहां रोड शो के लिए बस खड़ी थी। सतबहेरा से काफिला आगे बढ़कर पोठिया बाजार में रुका जहां जनसैलाब मुख्यमंत्री का इंतजार कर रहा था। यहां हजारों की भीड़ ने मुख्यमंत्री का पुष्प-वर्षा से स्वागत किया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों का अभिभादन किया और प्रत्याशी संतोष कुशवाहा को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री का काफिला पोठिया के विभिन्न चौक-चौराहे पर रुका जहां लोगों का उन्होंने अभिवादन किया। मुख्यमंत्री के वाहन के आगे-आगे हजारों की भीड़ पैदल चल रही थी वहीं सैकड़ों बाइक के साथ कार्यकर्ता पीछे-पीछे चल रहे थे।

## पेज एक का शेष

### इंडी नेता अपने...

कांग्रेस ने हमेशा दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को डराया और आज भी भांति-भांति के डर और झूठ फैला रहे हैं, लेकिन अब इनका झूठ नहीं चल रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में एक स्थिर सरकार का होना बहुत जरूरी है।

**देश को ऐसी कांग्रेस नहीं चाहिए :** उन्होंने कहा कि देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए। उन्होंने भाजपा और जालोर सिरोही का रिश्ता बहुत खास बताते हुए कहा आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है और इस बार भी जालोर सिरोही यही कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार।। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पांच वर्ष तक जो कांग्रेस की सरकार थी उसने पानी की योजना में भी घोटाला किया जबकि हम हर घर पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को राजस्थान से राज्यसभा भेजा गया, लेकिन क्या आपने उन्हें फिर से राज्य में देखा। अब पार्टी का एक और नेता राजस्थान से राज्यसभा में चला गया है। उन्होंने सोनिया गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते और जीत नहीं सकते वे इस बार राजस्थान में आये हैं। देश का युवा कांग्रेस से इतना नाराज है कि वह उनका साथ नहीं देखना चाहता। मोदी ने कहा, परभणी वह भूमि है जिसके लोग शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने भीड़ से पूछा कि क्या रजाकार मानसिकता के लिए यहां कोई जगह होनी चाहिए।

### एनडीए की सरकार...

रविवार को सीमांचल में जनसभा में श्री शाह ने कहा, मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। अब पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू और उनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछडा-अति पिछड़ा वर्ग के गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण की शुरूआत भारत माता की जय के नारे लगवा कर की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को ये तय करना है कि अगले पांच साल के लिए देश का प्रधानमंत्री कौन होगा। पूरे देश में लोग मोदी-मोदी के नारे लगाते हैं। कटिहार वालों को कहने आया हूं कि आप मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं तो तीर छाप पर वोट दें। आपका एक-एक वोट मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेगा। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे फेज में सीमांचल के तीन सीटों पर मतदान होना है। कटिहार शहर के राजेंद्र स्टेडियम में गृहमंत्री अमित साह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से एनडीए की ओर से उतारे गये जदयू के प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में सभा को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे पूछते हैं कि राजस्थान और बिहार का कश्मीर से क्या लेना देना है। खरगे जी, आपको मालूम नहीं है कि बिहार का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने के लिए तैयार है। धारा 370 को कांग्रेस व लालू यादव की पार्टी दबाकर बैठी थी जिसे मोदी सरकार ने समाप्त कर दिया।

